## संपादकीय

### वित्त मंत्री का नजरिया

इसके पीछे सोच यह है कि सरकार जो कहानी बताती है, उसे जो भी उसी रूप में स्वीकार नहीं करता और उस पर बहस करना चाहता है, उसकी साख को संदिग्ध कर दिया जाए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के बयान पर उचित ही देश में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। आर्थिक मसलों पर संसद में सवाल पूछने पर उन्होंने विपक्ष की तुलना देश से बाहर बैठे दुश्मनों से की और कहा कि देश की आर्थिक तरक्की से उन्हें जलन होती है। यह सीधे तौर पर सवाल पूछने और कमियों की तरफ इशारा करने की जरूरी प्रवृत्ति को अपने समर्थक जमातों के बीच देश-द्रोही ठहरा देने का नजरिया है। इसके पीछे सोच यह है कि सरकार जो कहानी बताती है, उसे जो भी उसी रूप में स्वीकार नहीं करता और उस पर बहस करना चाहता है, उसकी साख को संदिग्ध कर दिया जाए। मुमकिन है कि इस आक्रामकता के पीछे असल कारण जवाब का अभाव हो। आखिर देश की अर्थव्यवस्था के कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर अगर सरकार खुल कर चर्चा करने को तैयार हो, उसे खुद 'तरक्की' की बनाई गई अपनी कहानी में कई छेद नजर आएंगे। बहरहाल, अगर वह छेद देखने को तैयार हो, तो उससे समाधान का रास्ता भी नजर आ सकता है। लेकिन वर्तमान सरकार कोई समस्या नहीं देखना चाहती। जाहिर है, वह इन मुद्दों की चर्चा सिरे से ठुकरा देना चाहती है, ताकि भूले से भी उसकी समर्थक जमातों का ध्यान उनकी तरफ ना जाने लगे।

इस कोशिश में जनता से चुन कर आए विपक्षी प्रतिनिधियों की देशभक्ति पर भी अगर अंगुली उठानी हो, तो उसे इसमें कोई हिचक नहीं होती। लेकिन इस नजरिए के कारण देश अलग-अलग नैरेटिव्स में बंटता चला गया है। देश के दूरगामी भविष्य के नजरिए यह चिंताजनक बात है। राष्ट्र की मजबूती सहमति और साझा हित के अधिकतम पहलुओं की तलाश से होती है। देशभक्त शक्तियों का कर्त्तव्य ऐसे पहलुओं को ढूंढना और उन्हें स्वीकार्य बनाना होता है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्तमान सरकार आर्थिक मुद्दों पर विपक्षी विश्लेषण को नहीं सुनना चाहती। अगर सचमुच वह एक खास धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान आधारित राष्ट्र निर्माण में जुटी होती, तो उसे इन मुद्दों की अवश्य चिंता होती। इसलिए कोई राष्ट्रवाद संबंधित पहचान से जुड़े लोगों की खुशहाली सुनिश्चित नहीं करता, तो वह टिकाऊ नहीं हो सकता। वह महज कुछ समूहों और वर्गों की सत्ता और वर्चस्व को, जब तक संभव हो, टिकाए रहने का जरिया ही हो सकता है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों में आत्महत्या के बढ़ते मामले

जब तक देश की परीक्षा संस्कृति से इस कुत्सित व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक छात्रों में आत्महत्या की दर को रोकने के मामले में कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं देखा जाएगा। सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए, अगर वास्तव में हम सोचते है कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। जबरन करियर विकल्प देने से कई छात्र बहुत अधिक मात्रा में दबाव के आगे झुक जाते हैं, खासकर उनके परिवार और शिक्षकों से उनके करियर विकल्पों और पढ़ाई के मामले में। शैक्षिक संस्थानों से समर्थन की कमी के चलते बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से निपटने के लिए सुसज्जित नहीं है और मार्गदर्शन और परामर्श के लिए केंद्रों और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी है। प्रारंभिक पाठ्यक्रमों और तृतीयक शिक्षा की अत्यधिक लागत छात्रों पर बोझ के रूप में कार्य करती है और उन पर जबरदस्त दबाव डालती है।

-प्रियंका सौरभ

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की एक्सीडेंटल डेथ्स एंड सुसाइड इन इंडिया रिपोर्ट से पता चलता है कि आत्महत्या से छात्रों की मौत की संख्या में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसमें महाराष्ट्र में सबसे अधिक मौतें हुईं, इसके बाद मध्य प्रदेश और तमिलनाडु का स्थान रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच सालों से छात्रों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। छात्रों में आत्महत्या के बढ़ते मामलों के पीछे कारणों में बेरोजगारी दर बहुत अधिक है। सिक्किम में, राज्य की लगभग 27त्न आत्महत्याएँ बेरोजगारी से संबंधित थीं और 21 से 30 वर्ष की आयु के बीच सबसे आम पाई गईं। परीक्षा केंद्रित शिक्षा से भारत में छात्रों की आत्महत्याओं में अंक, अध्ययन और प्रदर्शन के दबाव के साथ अकादमिक उत्कृष्टता की तुलना करना महत्वपूर्ण कारक हैं।

ऐसा क्या है जो छात्रों को आत्महत्या के लिए इतना प्रवृत्त करता है? भारत में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी भी छात्र के साथ एक साधारण साक्षात्कार, चाहे वह जेईई, एनईईटी या सीएलएटी हो, यह प्रकट करेगा कि छात्रों के बीच मानसिक संकट का प्रमुख स्रोत उन पर दबाव की असहनीय मात्रा है जो लगभग हर एक द्वारा डाला जाता है। उन कुछ वर्षों की अवधि के दौरान जो हम छात्र एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए अलग रखते हैं, हर शिक्षक, हर रिश्तेदार और हर चाची या चाचा कठिन अध्ययन और एक अच्छे कॉलेज में प्रवेश पाने के महत्व को दोहराते हैं। जबकि छात्र स्कूल से स्नातक होने के बाद क्या करने की आकांक्षा रखता है, या जहां उसकी रुचियां हैं, उसके बारे में सहज पूछताछ की बहुत सराहना की जाती है और यहां तक कि हमें प्रेरित भी करती है, विशेष रूप से कुछ माता-पिता, कई रिश्तेदारों और अधिकांश कोचिंग क्लास के हाथों लगातार होने वाली बहस प्रशिक्षकों का निश्चित रूप से हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है।



इससे यह सवाल उठता है कि छात्रों के दिमाग से दबाव को कम करने के लिए क्या किया जा सकता है। इस प्रश्न का उत्तर इतना जटिल नहीं है और वास्तव में यह हमारी आंखों के सामने है। प्रवेश परीक्षाओं के व्यावसायीकरण पर अंकुश लगाने के लिए पहला कदम उठाने की जरूरत है। इन सभी परीक्षाओं की अत्यधिक जटिल प्रकृति (सभी नहीं) का अनिवार्य रूप से मतलब है कि उन्हें पास करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को प्रतिष्ठित कोचिंग सेंटरों में दाखिला दिलाने का सपना पूरा करना होगा, इससे छात्र के लिए एक से अधिक तरीकों से समस्या बढ़ जाती है क्योंकि वह कोचिंग पर माता-पिता द्वारा खर्च किए गए पैसे को चुकाने के लिए अब परीक्षा को पास करने का दबाव बढ़ गया है और उसे कोचिंग संस्थान के अतिरिक्त दबावों का भी सामना करना पड़ता है।

जब तक देश की परीक्षा संस्कृति से इस कुत्सित व्यवस्था को समाप्त नहीं किया जाता है, तब तक छात्रों में आत्महत्या की दर को रोकने के मामले में कोई प्रत्यक्ष परिवर्तन नहीं देखा जाएगा। सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए, अगर वास्तव में हम सोचते है कि ÷आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। जबरन करियर विकल्प देने से कई छात्र बहुत अधिक मात्रा में दबाव के आगे झुक जाते हैं, खासकर उनके परिवार और शिक्षकों से उनके करियर विकल्पों और पढ़ाई के मामले में। शैक्षिक संस्थानों से समर्थन की कमी के चलते बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से निपटने के लिए सुसज्जित नहीं है और मार्गदर्शन और परामर्श के लिए केंद्रों और प्रशिक्षित मानव संसाधन की कमी है। प्रारंभिक पाठ्यक्रमों और तृतीयक शिक्षा की अत्यधिक लागत छात्रों पर बोझ के रूप में कार्य करती है और उन पर जबरदस्त दबाव डालती है।

दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किया गया हैप्पीनेस करिकुलम पारंपरिक शिक्षा पाठ्यक्रम में ध्यान, मूल्य शिक्षा और मानसिक अभ्यास को शामिल करके समग्र शिक्षा पर केंद्रित है। इसे अन्य राज्यों को भी अपनाना चाहिए। भारत में परीक्षा केंद्रित शिक्षा प्रणाली में सुधार करना महत्वपूर्ण है। पाठ्यक्रम को इस तरह से डिजाइन किया जाना चाहिए जो मानसिक व्यायाम और ध्यान के महत्व पर जोर दे। आत्महत्या के जोखिम कारकों को कम करने के लिए शिक्षकों को द्वारपाल के रूप में प्रशिक्षित करना और परीक्षा के नवीन तरीकों को अपनाया जाना चाहिए। छात्रों की सराहना करने की आवश्यकता है और यह बदलना महत्वपूर्ण है कि भारतीय समाज शिक्षा को कैसे देखता है। यह प्रयासों का उत्सव होना चाहिए न कि अंकों का।

छात्रों की चिंताओं, अवसाद और अन्य मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों को दूर करने के लिए सभी स्कूलों/कॉलेजों/कोचिंग केंद्रों में प्रभावी परामर्श केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। बढ़ते संकट को दूर करने के लिए अतीत की विफलताओं से सीखना और छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों, संस्थानों और नीति निर्माताओं सभी हितधारकों को शामिल करने वाले तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)

## निरंतर परिश्रम,संयम और महत्वाकांक्षा सफल व्यक्ति के सच्चे मित्र

जिंदगी का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैंद्य जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3त्न नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है। पश्चिमी देशों में नवीन विचारों को जगह देने के कारण वहां पुनर्जागरण आया है। हमें समाज को नव परिवर्तन की तरफ जागरूक करने की आवश्यकता होगी और नवप्रवर्तन में ज्यादा से ज्यादा आर्थिक मदद देकर उस और और ज्यादा विचार-विमर्श कर नीति बनाने की आवश्यकता होगी। इस तरह हमें महात्मा बुद्ध के कथन अनुसार अपने या दूसरों के विचारों नवप्रवर्तनों को तर्क बुद्धि पर देखे जाने की जरूरत है, और फिर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाना चाहिए।



संजीव ठाकुर,
रायपुर
छत्तीसगढ़,

## मोबाइल में आने वाले एडवर्टाइज को बंद करे सरकार

युवा समाजसेवी निखिल मिश्रा शाहपुर ने शासन-प्रशासन एवं सरकार से निवेदन करते हुए कहते हैं कि आज के समय में चाहे पढ़ाई का सेक्टर हो सोशल मीडिया या यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर अगर किसी स्टडी सामग्री का अध्ययन कर रहे हैं हो या किसी भी अन्य गतिविधियों का उपयोग करने पर अनावश्यक अप्राकृतिक हर 5 मिनट में एक एडवर्टाइजमेंट आता है जबकि एक सामान्य किसान विद्यार्थी अपनी उपयोगिता के लिए मोबाइल फोन सोशल मीडिया या पढ़ाई जैसे विभिन्न सामग्रियों का उपयोग करने के लिए उपयोगिता मे लाते हैं लेकिन सबसे ज्यादा एडवर्टाइजमेंट देखने को मिलते हैं इससे बहुत ज्यादा परेशानियां बढ़ती हैं। और हद तो तब हो जाती है जब भी हम मोबाइल का इस्तेमाल करते है जैसे किसी साइट, एप्लीकेशन या गेम डाउनलोड करना तब कुछ ऐसे विज्ञापन हमारे सामने बार-बार आते है जो अनावश्यक होते है और हमारे कार्य में बाधा डालते है यह मोबाइल और कंप्यूटर स्क्रीन दोनों पर ही यूजर्स को परेशान करते है और हद तो तब हो जाती है जब एक साथ ही एक के बाद एक दो तीन विज्ञापन आते रहते हैं और 1 मिनट के पहले खत्म भी नहीं किया जा सकता है आजकल नवयुवक से लेकर बुजुर्ग सभी प्रकार के लोगों की फोन उपयोगिता बन गई है लेकिन विभिन्न प्रकार के विज्ञापन जो असहज भरे 7 विज्ञापन देना क्या उचित है। क्या सरकार ने विज्ञापन श्रेणियों वालों को इतना छूट दे रखी है और गलती से अगर उस लिंक पर क्लिक हो गया तो उसी उसी का प्रचार प्रसार आता है एवं कभी कभार तो मोबाइल हैकिंग बैंक से पैसे खाली होना यह सब तक समस्याएं देखना पड़ता है। सरकार को इस बात पर संज्ञान लेते हुए निराकरण करना चाहिए आधा समय तो विज्ञापन देखने में ही निकल जाता है और आजकल तो विज्ञापन को ब्लॉक भी नहीं किया जा सकता है। इसके चलते जब तक आवश्यक कार्य भले ही छूट जाए इससे लोगो को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है...!!!



निखिल मिश्रा
शाहपुर
उत्तरप्रदेश

## फलक को नहीं बांट पाओगे



पुष्पा स्वाती
मुम्बई

जमीं के भले करलो टुकड़े हज़ारों
फ़लक को नहीं बांट पाओगे यारों
हवा हो सबा हो या हो पवन
फ़ितरत सभी की है एक सी
इन्हें तुम कीसी नाम से भी पुकारो
फ़लक को नहीं बांट पाओगे यारों
ये चांद खुर्शीद या हों नुजूम
कैसे इन्हें बांट पाओगे तुम
कोशीश करो चाहे दिल में हजारों
फ़लक को नहीं बांट पाओगे यारों
ईश्वर खुदा नानक मसीहा
मज़हब अलग पर वो एक है
चाहे किसी नाम से भी पुकारो
फ़लक को नहीं बांट पाओगे यारों

## वसीयत



प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

हैं बने हम आदमी तो आदमीयत की हो बात
नेकनामी अक्यों करें वो जो गवारा ना ज़मीर किया करे
छोड़ें झूठी राह हम कि अब हक़ीक़त की हो बात
राह अपनी ख़ुद बनाएँ दूसरों के काम आएँ
साथ मिलकर जूझ जाएँ जब मुसीबत की हो बात
ज़ख़्म गहरे भर ही जाएंगे ज़रा सा सब्र कर
ख़ुद की भी तीमारदारी शिफा तबीयत की हो बात
क्या करेंगे काग़ज़ी दौलत लिए हम जग में गीत
नाम अच्छा छोड़ जाएँ उस वसीयत की हो बात

## कायल



ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल,मध्यप्रदेश

दोस्तों आगाजे सफर के हम कायल हुए।
काँटों भरी उस डगर के हम कायल हुए।
नींव का हर पत्थर एजाज का हकदार है,
नींव के हर पत्थर के हम कायल हुए।
तन्हाँ तन्हाँ रातों में, जिस ने दी जागने की सजा,
उस बेदर्दी दिलवर के हम कायल हुए।
छोटा ही था मगर,बडा सुकुन था उस घर में,
गाँव के उस छोटे घर के हम कायल हुए।
लो फिर चल पडे है नौजवां राहे शहादत पे,
उस राहे पुरखतर के हम कायल हुए।

## कवायत होनी चाहिए



आशीष शर्मा
अमृत
जयपुर, राजस्थान

लोगों के जज़्बात को समझने की
उनकी बातों को सुनने,समझने की
उन्हें अपना समझ कर हल ढूंढने की
हल ढूंढ,ज़िंदगी में खुशियां भरने की
कवायत होनी चाहिए
किसी के सपनों को पंख लगाने की
उसके हौसलों को मजबूत बनाने की
उनके अरमानों को अंजाम दिलाने की
उनकी ज़िन्दगी खुशनुमा बनाने की
कवायत होनी चाहिए
बुढ़ापे में किसी की लाठी बनने की
आँखों की खोई, वो रोशनी बनने की
ढलती शाम,खुशनुमा सुबह बनाने की
उन रूखे चेहरों में मुस्कान बिखेरने की
कवायत होनी चाहिए
नन्ही सी आँखों में प्यारे सपने संजोने की
उनके साथ अपना कुछ वक्त बिताने की
नन्हे से हैं पर हैं खास उन्हें ये बताने की
उनकी किलकारियों से आंगन गुंजाने की
कवायत होनी चाहिए

## पाव थिरके



क्षमा श्रीवास्तव
,देवरिया,
उत्तरप्रदेश

उम्र के चालीसवें पड़ाव का जश्न भी खूब है
सावन की मचलती फुहारों का मन तो जरूर है
दिल न तो है बच्चा न तो है कि बूढ़ा पर भी
दोस्तो के सँग बीते पलों के शोर बेजोड़ है
घर की जिम्मेदारियों के बीच कहीं लगता है खो गई
पर अभी अपने लिए ख़ुद को तराशना अभी बाकी है
थोड़ी रोमांटिक गानों पर दिल झूम जाए और पांव थिरके
ये अहसास अभी बाकी है दोस्तो के बीच दोस्तो के सँग
जी लूँ वो पल अभी बाकी है माना की पतिदेव
हो गए थोड़े अनरोमांटिक बच्चों की उम्र भी हो
सत्रह अठारह की पर यार थोड़ा थिरकना अभी बाकी है
मन तो होता है उड़ता परिंदा आसमान में उड़ कर
गगन को छूना बादलों को हथेलियों में भरना
कभी आह !तो कभी उफ़्फ़ के शब्दों के कहना
कभी सावन की बूंदों को पकड़ना
उड़ती तितलियों के पीछे भागना अभी बाकी है
ये दिल कही पल भर भी नही ठहरता
उम्र केइस पड़ाव को हँस के जीना
और खुल के हँसना अभी बाकी है

## यमुना तट कान्हा ने पायल किसका धोया था



प्रमेशदीप
मानिकपुरी
धमतरी छत्तीसगढ़

यमुना तट कान्हा ने पायल किसका धोया था
वृन्दावन मे कान्हा ने प्यार किसका खोया था
किसकी याद मे मधुबन की सब धेनु रोया था
यमुना तट कान्हा ने पायल किसका धोया था
किसकी लीला पर गोपियों ने रास रचाया था
किसको सबने निज मन मन्दिर मे बसाया था
किसकी यादों मे राधा ने सुध-बुध गँवाया था
यमुना तट कान्हा ने पायल किसका धोया था
किसकी वेणु बजती थी वृन्दावन की वादी मे
किसकी महिमा फैली है अनंत और आदि मे
किसकी गीतों ने प्रेम बीज धरा पर बोया था
यमुना तट कान्हा ने पायल किसका धोया था
जग को प्रेम सिखाने स्वयं जो धरा मे आये थे
इस जग को प्रेम का सुखद अहसास कराये थे
जिसका दीवाना हो सुर भी गीत मे खोया था
यमुना तट कान्हा ने पायल किसका धोया था
किसकी वाणी से गीता का उदगार हुआ था
किसकी हाथों से ही कंस का उद्धार हुआ था
कर्मता का पाठ जग को जिसने सिखाया था
यमुना तट कान्हा ने पायल किसका धोया था

# गैरजरूरी अन्तर:बड़ी उम्र में विवाह का फर्क

बदलते समय के साथ शादी का स्वरूप भी बहुत कुछ बदल गया है हसरतों का जहां, प्यार का आशियाना, मेरा घरौंदा, मेरा मायका। शादी को लेकर कितने ख्वाब होते हैं कितने अरमान होते हैं लेकिन इसी के साथ बदल गई है कई मान्यताएं कई परंपराएं आप लोग अपने जीवनसाथी में खूबसूरती की जगह परिपक्व व्यक्ति की छवि देखना चाहते हैं और इसी वजह से अब शादियों में उम्र का अंतर गैर जरूरी हो गया है। यदि पत्नी अपने पति से उम्र में 6 साल बड़ी है, तो कभी पति की उम्र पत्नी की उम्र से 2 गुना है इस वजह से लोगों में तरह तरह की बातें होती रहती हैं कि उम्र में बड़ी या बड़ा पति या पत्नी आ गए हैं। आज के युग में शादी विवाह के स्वरूप में काफी परिवर्तन आया है विवाह से संबंधित जितनी मान्यताएं हैं वह आज खारिज हो चुकी है इन्हीं में से एक है वर-वधू की उम्र का अंतर।

शादी के मामले में उम्र गैर महत्वपूर्ण कारक बनती जा रही है उचित चुनाव की दृष्टि से अपेक्षाएं इतनी बढ़ गई है कि उम्र में थोड़ा बहुत समझौता हो जाता है किसी ने अगर बड़ी उम्र के लड़के से शादी कर भी ली है तो यह शादी निर्णयात्मक नहीं माना जाता। आजकल लड़के और लड़कियां दोनों कैरियर माइंडेड होते जा रहे हैं कैरियर में खास जगह एक मुकाम हासिल करने के लिए उम्र का बड़ा हिस्सा कैरियर के नाम करना पड़ता है इसके अलावा बहुत सा समय पर्सनैलिटी इंप्रूवमेंट के लिए खर्च किया जाता है यानी उम्र का शुरुआती हिस्सा तो इन दो उद्देश्य की भेंट चढ़ जाता है इसके बाद भी उम्र में बड़े दूल्हे या छोटी दुल्हन की रट पकड़े रहे तो कुंवारे रहने की नौबत आ सकती है। विवाह में उम्र के अंतर पर ध्यान न देने के कई कारण हो सकते हैं परंतु इन सब का आधार मनोविज्ञान में परिवर्तन ही है जन जीवन में बहुत सी योजनाएं अपना अस्तित्व खोती जा रही है चाहे ईन परिस्थितियों की मांग क्लब या विवाह संस्था पर से उठता विश्वास या बोल्डनेस। आज के आत्मनिर्भर और सशक्त मानसिकता वाली स्त्री को पति के रूप में संरक्षक की आवश्यकता नहीं रह गई है जैसी प्राचीन काल में हुआ करती थी सही अर्थों में उन्हें एक साथी की आवश्यकता है इसलिए पति का उम्र में छोटा होना या बड़ा होना कोई मायने नहीं रखता है। आजकल तो विभिन्न प्रकार के सीरियल दिखाए जा रहे हैं बड़ी उम्र के विवाह को महत्व दिया जा रहा है। समाज में अक्सर सुयोग्य लड़कों और लड़कियों की कमी हो जाती है इसलिए उन्हें कम उम्र के लड़के या लड़कियों से शादी करने का निर्णय लेना पड़ता है यदि उम्र बढ़ने के साथ-साथ स्वभाव में परिपक्वता का भाव रहता है तो इसके विपरीत कम उम्र की लड़कियों के स्वभाव में अस्थिरता और चंचलता होती है। बड़ी उम्र की महिलायें गंभीर और संवेदनशील होती है वे जीवन के प्रति एक निश्चित और संतुलित दृष्टिकोण लगती है आकांक्षाओं की सीमा में जीना जानती है इसलिए कई समस्याओं से सफलता पूर्वक निपट पाती हैं उनका यह गुण अक्सर पुरुषों को आकर्षित करता है। अपने से बड़ी स्त्री से विवाह आजकल पुरुषों का अपना निर्णय हो गया है और वही महिला भी चाहती है की एक पुरुष में समर्पण भावना होनी चाहिए बस एक दूसरे का साथ देने वाला होना चाहिए किसी प्रकार की रोका टोकी वह पसंद नहीं करना चाहते हैं इसलिए रोजमर्रा की भागदौड़ से शांति और सुकून का जीवन उन्हें चाहिए होता है जो उन्हें यह सब दे सके वह उन्हीं से शादी करते हैं। एक परिपक्व पुरुष से विवाह करना मतलब विभिन्न दबाव और समस्याओं का सामना करने के लिए पति का सहारा चाहिए वह पति से चाहती हैं कि उनका पति अपने कामकाजी जीवन के साथ उनके साथ मानसिक उलझन बांट सके। कम उम्र की लड़कियों के स्वभाव में एक विशेष तरह का दबाव होता है और वह चाहती हैं कि उसका होने वाला पति बिल्कुल हीरो की तरह दिखे और बड़ी उम्र के पति जब इसमें खरे नहीं उतरते तो उन्हें डर रहता है कि उनकी छवि पर पानी फिर जाएगा। कम उम्र के पुरुषों को अधिक उम्र की पत्नी के साथ यह डर नहीं रहता है उन्हें पत्नी के रूप में एक शिक्षिका की भूमिका निभाने वाली चाहिए वह जीवन को नजदीक से देखने के अनुभव के कारण अपने पति से अतिरंजित अपेक्षाएं नहीं पालती।

इस तरह के विवाह में सब कुछ उजला दिखाई दे ऐसा जरूरी नहीं है, यदि ऐसा विवाह किसी मजबूरी बस किया गया हो तो पति पत्नी हीन भावना का शिकार हो सकते हैं इच्छा के विरुद्ध जाकर कदम उठाने के लिए एक खास तरह की हिम्मत होनी चाहिए यह नहीं होना चाहिए कि जब वे समाज में आई तो लोग उन्हें विशेष दृष्टि से देखें इनसे बचने के लिए वह अक्सर कार्यक्रम में जाना छोड़ देते हैं और यदि पत्नी में अपनी उम्र को लेकर किसी प्रकार की ग्रंथि पनप आती है तो पुरुष को लगने लगता है कि पत्नी का व्यक्तित्व उस पर हावी है पति को लगता है कि वह पत्नी सत्ता के अधीन है और पत्नी उन पर अधिकार जताती है। शारीरिक सामर्थ्य भी कहीं भी बाधा बन जाता है अपने से 10 वर्ष की बड़ी स्त्री के पति का प्रकरण ऐसा ही है शादी के समय पत्नी या पति युवा और आकर्षक दिखते है लेकिन एक समय के बाद दोनों में चुस्ती फुर्ती के साथ कदम मिलाकर चलने में असमर्थता महसूस करते हैं दोनों में एक असंतोष की भावना उत्पन्न हो सकती है और बात तलाक तक पहुंच सकती है इसीलिए ऐसे विवाह में अड़चन ही आए ऐसा जरूरी नहीं है यदि प्यार से और सच्चाई से विवाह को यथार्थ की कसौटी पर कस कर दिल के साथ दिमाग का भी सम्मिश्रण किया जाए तो खुशियाँ आप से बचकर कहीं नहीं जा सकती है। इसलिए बढ़ती उम्र का विवाह दोनों की सहमति से ना भी हो और दोनों समझदार हो तो आराम से ये विवाह सफल हो जाता है।



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर
उत्तर प्रदेश

## नशा मुक्तिःसमीक्षा तो जरूरी है

हाल में दिल्ली में नशे के आदी एक युवक ने झगड़े के बाद अपनी मां, दादी, बहन और पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी।

युवक कुछ दिन पहले ही नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र से लौटा था। गुरु ग्राम की एक कंपनी में काम करता था लेकिन महीने भर पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। दरअसल, नशे के आदी युवकों की सबसे बड़ी समस्या उनका मानसिक संतुलन बिगड़ जाना है। नशा जहां मानसिक रूप से पंगु बना देता है वहीं पारिवारिक कलह का कारण भी बनता है।

ज्यों-ज्यों नशे की लत के शिकार युवाओं की संख्या बढ़ती जा रही है, त्यों-त्यों नशा मुक्ति केंद्रों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। सवाल है कि कुकुरमुत्तों की तरह उग रहे नशा मुक्ति केंद्र क्या वास्तव में नशे की लत छुड़ाने के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं? दिल्ली में पूरे परिवार को मौत के घाट उतारने वाला युवक नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में कुछ समय बिता कर लौटा था। स्पष्ट है कि नशा मुक्ति केंद्र उसे मानसिक रूप से स्वस्थ और इतना मजबूत नहीं बना पाया कि ऐसी घिनौनी हरकत न करता। दरअसल, इस दौर में नशा मुक्ति केंद्र भी व्यावसायिकता के शिकंजे में हैं। ज्यादातर नशा मुक्ति केंद्रों के संचालकों एवं कर्मचारियों के भीतर समाजसेवा का भाव नदारद है। जब नशा मुक्ति केंद्र खोले जाते हैं, तो जताया जाता है कि ये केंद्र सामाजिक सरोकारों के लिए खोले जा रहे हैं, लेकिन धीरे-धीरे इन केंद्रों से सामाजिक सरोकार दूर होता चला जाता है। इसका स्थान व्यक्तिगत स्वार्थ ले लेता है। इसके कारण कई जगहों पर नशा मुक्ति केंद्र यातना केंद्र बन गए हैं। पिछले दिनों ऐसी अनेक घटनाएं प्रकाश में आई थीं जिनमें नशा मुक्ति केंद्रों के भीतर मरीजों से अनैतिक व्यवहार किया जा रहा था। कुछ समय पहले देहरादून के एक नशा मुक्ति केंद्र में एक ही कमरे में 35 लोगों को रखने की घटना प्रकाश में आई थी। देहरादून में एक अधिवक्ता ने आरटीआई के तहत सूचना मांगी तो खुलासा हुआ था कि कई केंद्रों का न तो पंजीकरण हुआ है, और न ही अन्य सुविधाएं जैसे प्रशिक्षित स्टाफ, सीसीटीवी कैमरे, दैनिक रजिस्टर और शिकायती रजिस्टर आदि हैं। देश के अनेक हिस्सों में ज्यादातर नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र कई तरह की अनियमितताओं के शिकार हैं।

गौरतलब है कि 'सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय' के अंतर्गत चलने वाले 'नशा मुक्त भारत अभियान' में अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। मंत्रालय के एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में 60 मिलियन से अधिक नशीली दवाओं के उपयोगकर्ता हैं, जिनमें बड़ी संख्या में दस से सत्रह वर्ष की आयु के युवा हैं। देश में 'नशा मुक्त भारत अभियान' कई स्वैच्छिक संगठनों की भागीदारी के साथ चल रहा है। इन संगठनों को सरकार की तरफ से वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। इस अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। स्कूलों, उच्च शिक्षण संस्थानों और विविद्यालय परिसरों पर भी ध्यान केंद्रित करने का दावा किया जा रहा है। निश्चित रूप से सरकार के दावे अपनी जगह सही हैं, और वह इस दिशा में काम करती भी दिखाई दे रही है, लेकिन जमीन पर दावों की हकीकत कुछ और ही दिखाई देती है।

दरअसल, हमें समझना होगा कि नशा मुक्ति केंद्रों की व्यवस्था में थोड़ी सी भी लापरवाही इस संदर्भ में सरकारी नीतियों के ठीक ढंग से क्रियान्वयन में तो बाधा बनेगी ही, नशे की लत के शिकार युवाओं के भविष्य पर भी प्रश्न चिह्न लगाएगी। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार कोशिश करने के बाद भी नशा मुक्ति केंद्रों की स्थिति सुधार नहीं पा रही है। इन केंद्रों में व्यवस्था ठीक न होने कारण कई बार मरीजों एवं केंद्र संचालकों में टकराव की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। देश के विभिन्न हिस्सों में कई नशा मुक्ति केंद्र तो अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों में न तो मनोचिकित्सक की व्यवस्था होती है, और न ही प्रशिक्षित कर्मचारी मनोवैज्ञानिक रूप से मरीजों का उपचार करने में सक्षम हो पाते हैं।

-रोहित कौशिक-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# जांच में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पाई गई फॉयर सेफ्टी की कई कमियां

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक साथ चार नवजात बच्चों की मौत हो गई थी। मौत का कारण परिजनों ने अचानक बिजली गुल हो जाने से एसनसीयू में लगे उपकरण काम करना बंद होना बताया था। वहीं स्वास्थ्य विभाग मौत के इस कारणा को इंकार करते हुए बच्चों को अति गंभीर होतना बताया गया था। वहीं एक साथ चार नवजात बच्चों की मौत से प्रदेश स्तर तक खलबली मच गई थी। घटना की जानकारी लेने स्वास्थ्य मंत्री व स्वास्थ्य सचिव को आना पड़ा था। वहीं लापरवाही पाए जाने पर चिकित्सकों के खिलाफ शासन द्वारा कार्रवाई भी की गई है। वहीं आगे अस्पताल में किसी तरह की विपरित स्थिति निर्मित न हो इसके लिए स्वास्थ्य सचिव आर प्रसन्ना ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रशासन अंबिकापुर को अस्पताल की फायर व विद्युत सेफ्टी की जांच हर महीने काराने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के बाद अस्पताल प्रशासन ने दमकल विभाग को सूचना देकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की फायर सेफ्टी की जांच सोमवार को कराया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने अस्पताल के हर वार्ड व एमसीएच का निरीक्षण किया। जांच में फायर सेफ्टी की गई कमियां पाई गई।



शहर में लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं को देखते हुए दमकल के कर्मचारियों के द्वारा शहर के अस्पतालों में अग्निशामक यंत्रों की जांच तेज कर दी है, आगजनी से किसी प्रकार की कोई जनहानि ना हो सके जिसको लेकर शासकीय एवं निजी कार्यालयों सहित अस्पतालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाते हैं,वही आज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अग्निशामक यंत्रों की जांच करने आज दमकल के कर्मचारी अस्पताल पहुंचे अस्पताल के विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर दमकल के कर्मचारियों ने अग्निशामक यंत्रों की बारीकी से जांच किया गया, अग्निशामक यंत्रों को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कई कमियां पाई गई वही भवनों के निर्माण को लेकर कमि होना बताया गया है, इससे पूर्व भी फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण कर अग्निशामक यंत्रों की कमी होना बताया गया था बावजूद इसके अब तक अस्पताल प्रबंधन के द्वारा अग्निशामक यंत्रों की कमियों पूरा नहीं कर सका है, वही अब अस्पताल प्रबंधन फायर सेफ्टी को लेकर अपनी पूरी कमियों को जल्द से जल्द दूर कर सके जिसको लेकर या निरीक्षण दमकल के कर्मचारियों के द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया है, अस्पताल में पाई गई कमियों को लेकर दमकल कर्मचारियों के द्वारा सुधार हेतु नोटिस जारी किया जा रहा है।

### साढ़े सात सौ बेड के अस्पताल में मात्र 7 सेफ्टी फायर सिलेंडर

दमकल विभाग के अनुसार साढ़े सात सौ बेड के अस्पताल में मात्र 7 सेफ्टी फायर सिलेंडर ही पाए गए। आईसीयू सहित अस्पताल में जगह-जगह खुले में विद्युत वायर झुलते हुए पाए गए। जो कभी भी शॉट सर्किट होने पर आग्जनी जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है। वहीं दमकल विभाग द्वारा कमियों को दूर करने के लिए अस्पताल प्रशासन को नोटिस दिया गया है। जांच के बाद दमकल विभाग ने बताया कि एमसीएच में आग्जनी से निपटने के लिए उपकरण लगाए गए हैं। पर यहां भी काफी कमी पाई गई है। एमसीएच में लगाए गए फायर सेफ्टी से कई महत्वपूर्ण उपकरण चोरी कर लिया गया है। वहीं जगह-जगह फायर सेफ्टी के लिए दिए गए सांकेतिक स्थान पर मरीजों के लिए बेड व अस्पताल के पोस्टर लगाए गए हैं। आगजनी की स्थिति होने पर मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल पाना मुश्किल होगा। क्यों कि चारो तरफ जाम कर रखा गया है। दमकल विभाग की टीम ने अस्पताल के हर वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि अस्पताल के पुराने भवन में जगह-जगह खुले में वायर झुल रहे हैं। जिससे शॉट सर्किट की संभावना बनी हुई रहती है। वहीं अस्पताल के सबसे सेंसेटिव आईसीयू में भी आग से निपटने क लिए सेफ्टी नहीं किया गया है। आईसीयू में भी खुले में वायर दिख रहे हैं।

## पीएम आवास व बकाया राशि की मांग को लेकर वार्डवासियों ने दिया धरना

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

प्रधानमंत्री आवास व बकाया राशि की मांग को लेकर शहर के पटेलपारा वार्ड के लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ धरना प्रदर्शन किया। मोहल्लेवासियों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास के लिए कई सालों से फार्म भरे हैं लेकिन आज तक प्रधानमंत्री आवास के लिए नाम नहीं आया। हम सभी का सपना था कि पक्के मकान में रहेंगे। लेकिन वो सपना धरा का धरा ही रह गया।

हम बार-बार गुहार लगाते हैं लेकिन हमारा सुनने वाला कोई नहीं होता। इसलिए वार्डवासियों ने सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में वार्ड नंबर 9 में धरना प्रदर्शन किया। वहीं वार्डवासियों का कहना है कि मोहल्ले के कुछ लोगों का नाम आया है पर ये लोग लोग उधार में सामान लेकर प्रधानमंत्री आवास बना भी रहे हैं लेकिन उनको राशि नहीं मिल रही है। निगम का चक्कर लगाते हैं निगम वाले फोटो लेकर भी जा चुके हैं हर रोज यह बोलकर टाल-मटोल करते हैं कि पैसा आ जाएगा। लेकिन आज तक पैसा नहीं आया है। महिलाओं ने कर्ज लेकर घर बनाना शुरू कर दिया की राशि आ जाएगा। तो दे देंगे लेकिन राशि नहीं मिलने के कारण महिलाओं का खाना- पीना, सोना तक हराम हो गया है कर्ज के कारण आर्थिक एवं मानसिक पिड़ा में जुझ रहे मुहल्ले वासी। आखिर राशि मिलेगा तो मिलेगा कब धरना में बैठे मोहल्ले वासियों के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि कांग्रेस सरकार के 4 साल हो गए और यही है 4 साल का काम जो लोगों को रोड पर बैठने को मजबूर कर दिया गया है महिलाएं दिनभर धूप में बैठकर अपने हक की मांग कर रही हैं। मुहल्ले वासियों ने और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है मुख्यमंत्री जी, विधायक जी और प्रशासन से की मोहल्ले में जितने भी लोगों का बकाया राशि बचा है तत्काल दिलाने का कृपा करें और जिन लोगों ने भी प्रधानमंत्री आवास का फार्म भरा है उनको भी आवास दिलाने की कृपा करें। इस धरना प्रदर्शन में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता -अंकुर सिन्हा,अजिज टोप्पो, सुरेश राम बुनकर, अनीता पैकरा. सर्वेश्वरी बागे,सुनिता सोन्हा, अनिता टेकाम, , राधा जी, जाग्रति सिंह, सुनिता सिंह,जुकिंनी, नाज़मा, सावित्री,मनमतिया और मोहल्ले वासी सामिल रहे।।



## पीजी कॉलेज के गेस्ट हाउस में चार वर्षों से संचालित है एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एंटी करप्शन ब्यूरो विगत 4 वर्षों से राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में के गेस्ट हाउस में कार्य चल रहा है। महाविद्यालय में आए मुख्य अतिथियों को बैठाने के लिए जगह की तलाश करनी पड़ती है। इसके साथ ही महाविद्यालय से जुड़े अनेक कार्यों को वहां से कुछ वर्षों के लिए हटाया गया है। इतने सालों से चले आ रहे हैं एंटी करप्शन ब्यूरो का कार्य अब तक स्थानांतरण नहीं हुआ है, एक तरह से वहीं विभाग हो गया है। जिसको देखते हुए गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में संघ छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रतीक गुप्ता द्वारा एंटी करप्शन ब्यूरो का विभाग किसी गुप्त स्थान पर स्थानांतरण करवाने एवं महाविद्यालय का गेस्ट हाउस पुनः महाविद्यालय को प्रदान करवाने के लिए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा का कहना है कि संगठन द्वारा इसके पूर्व भी 7 से 8 बार इस मुद्दे को लेकर ज्ञापन के ज़रिए प्रशासन को अवगत कराया गया था परंतु इस पर कोई भी कार्यवाई अब तक नहीं हुई है। जिसको देखते हुए संघ ने पुनः ज्ञापन सौंपा है एवं संघ का कहना है कि 7 दिन के अंदर अगर इस पर कोई उचित कार्यवाई नहीं हुई तो आजाद सेवा संघ छात्र मोर्चा द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान संघ के हर्ष सोनी, विशाल पैकरा, सोनू सिंह, संजय बड़ा, लौकेश शुक्ला, शुभम पटेल,विवेक दास, उगेश सिंह, प्रेम कुमार, कृष्णा आदि सदस्य उपस्थित थे।



## एसडीएम के दुर्व्यवहार से परेशान महिला पटवारियों ने कमिश्नर से की शिकायत

- संवाददाता -
अंबिकापुर/राजपुर 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एसडीएम राजपुर द्वारा इन दोनों महिला पटवारियों को किसी व्यक्ति विशेष को अनुचित लाभ दिलाने हेतु अपने मंशानुरुप गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु दबाव बनाया गया है। ये महिला होते हुए भी इस प्रकार की प्रताड़ना को सहन करते हुए कुछ दिनों तक दिन एवं देर रात्रि तक अपने कार्य को करते रहे, फिर भी एसडीएम चौधरी को इन पर किसी प्रकार की दया नहीं आई। इस मामले की शिकायत भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राम लखन सिंह पैकरा ने कमिश्नर से की है। आगे उन्होंने कहा कि एसडीएम चौधरी द्वारा इनकों धमकी दिया जाने लगा कि मैं रात को 12 बजे भी बुलाउंगा तो आना पड़ेगा और मेरे मंशानुरूप कार्य करना पड़ेगा और यदि नहीं आते हो तो तुम्हारे उपर जांच कमेटी बैठा दुंगा। मेरा कुछ नहीं कर पाओगे, दोनों पटवारी आदिवासी महिला हैं और अपने कार्य स्थल पर रहकर अपने कार्य को कर रही हैं लेकिन एसडीएम चौधरी द्वारा जानबुझकर प्रताड़ित करने की मंशा से कुमारी बीना भगत को राजस्व मुख्यालय से 45 कि0मी0 दूर ग्राम-तोनी में स्थित धान खरीदी केन्द्र एवं अनुमती पैंकरा को मुख्यालय ग्राम-ककना से लगभग 70 कि0मी0 दूर धान खरीदी केन्द्र तोनी से ड्यूटी लगाकर शारीरिक एंव मानसिक दोनों रुप में प्रताड़ित किया जा रहा है। रामलखन ने बताया कि इस संबंध में राजस्व जिला पटवारी संघ का भी बैठक किया गया और संघ के द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि एसडीएम चौधरी को जल्द से जल्द जिले से किसी अन्य जिले में नही भेजा गया तो समस्त जिला राजस्व पटवारी संघ कार्य नहीं करेगा और धरना पर बैठ जायेगा ।



## पत्रकार के साथ गाली गलौज करने वाले कांग्रेस नेता इरफान सिद्दीकी के खिलाफ अपराध दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार सुशील बखला के साथ कांग्रेस नेता इरफान सिद्दीकी द्वारा मोबाइल पर जातीगत गाली गलौज करने व रास्ता रोककर जान से मरवाने की धमकी दी है। इस मामले में पीड़ित पत्रकार ने अजाक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पत्रकार की रिपोर्ट पर पुलिस ने इरफान सिद्दीकी के खिलाफ धारा 294, 506, 341 सहित अनुसूचित जनजाति एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार सुशील बखला शुक्रवार को ग्राम चिरगा में एल्यूमिना रिफाईनरी प्राइवेट लिमिटेड का विरोध कर रहे ग्रामीणों का न्यूज क्वरेज करने गया था। इस दौरान पत्रकार के मोबाइल पर मोबाइल नंबर 7000514323 से कांग्रेस नेता इरफान सिद्दीकी ने फोन कर न्यूज नहीं बनाने की बात करते हुए पत्रकार के साथ गाली गलौज किया गया। वहीं सुशील बखला अपने साथियों के साथ कार से वापस अंबिकापुर अपने घर लौट रहा था तो रास्ते में दरिमा के पास इरफान सिद्दीकी द्वारा रास्ता रोककर जातीगत गाली गलौज करते हुए जान से मरवा देने की धमकी दी गई। इस मामले में सुशील बखला ने अजाक थाने में इरफान सिद्दीकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने इरफान सिद्दीकी के खिलाफ धारा 294, 506, 341 सहित अनुसूचित जनजाति एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।



## शुरू हुआ सुशासन सप्ताह, लंबित आवेदनों का किया जा रहा निराकरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भारत सरकार प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के प्रशासन गांव की ओर कैम्पेन के तहत सुशासन सप्ताह की शुरुआत 19 दिसम्बर को शुरू हुआ जो 25 दिसम्बर तक चलेगा। अभियान में जनचौपाल, जनशिकायत पोर्टल, ई-समाधान, सीपीग्राम्स पर लंबित सभी प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए गए है।

## नवनिर्वाचित जनपद उपाध्यक्ष ने ली कर्तव्य निर्वहन की शपथ



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जनपद पंचायत लुण्ड्रा में रिक्त उपाध्यक्ष के पद पर उप चुनाव में विजयी प्रत्याशी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सोमवार को जनपद सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीजीएमएससी के अध्यक्ष व लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने की।

उप चुनाव में नवनिर्वाचित जनपद उपाध्यक्ष श्री त्रिलोकी सिंह ने सभाकक्ष में पद के जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन की शपथ ली। डॉ प्रीतम राम ने नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष श्री त्रिलोकी सिंह को बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर को हमारी सरकार के 4 वर्ष पूरे हो गए हैं। सभी विकास कार्यों और उपलब्धियों को जनता को बताने का दिन गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौर में भी छत्तीसगढ़ के विकास का दौर नहीं रुका। लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र में कॉलेज की स्वीकृति, एसडीएम कोर्ट का शुभारंभ, अनेक पुल-पुलिया का निर्माण, स्वामी आत्मानंद स्कूल का शुभारंभ किया गया। यह हमारे लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्री गंगा प्रसाद, एसडीएम श्री रामसिंह ठाकुर, सीईओ श्री एसएन तिवारी, बीईओ श्री गुप्ता तथा अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित थे।

## बालक आश्रम पढ़ने जा रहे स्कूली छात्र को मारुति वैन ने मारी टक्कर छात्र की हुई मौत

- संवाददाता -
लखनपुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमगला मुख्य मार्ग में 19 दिसंबर दिन सोमवार की सुबह लगभग 9-45 बजे मारुति वैन की टक्कर से बालक आश्रम के छात्र की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक राजेश कुमार पैकरा पिता संजीव कुमार पैकरा उम्र लगभग 8 वर्ष ग्राम जमगला थाना लखनपुर निवासी जो बालक आश्रम के कक्षा दूसरी में अध्यनरत था 19 दिसंबर दिन सोमवार की सुबह स्कूल ड्रेस पहन तैयार होकर पढ़ाई करने बालक आश्रम जमगला जा रहा था। जैसे ही वह जब जमगला मुख्य मार्ग स्थित शहीद हेमंत सिंह मरावी चौक के समीप पहुंचा ग्राम लटोरी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार मारुति वैन के चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए छात्र को जोरदार ठोकर मार दी जिससे छात्र के सर सहित हाथो पैरो में गंभीर चोट आई। घटना के बाद से मारुति वैन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े छात्र को उपचार के लिए लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर पीएस केरकेट्टा के द्वारा छात्र को मृत घोषित कर दिया गया घटना की सूचना देने परिजन लखनपुर थाना पहुंच पुलिस को सूचना दी। लखनपुर पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच मृतक छात्र के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द किया है साथ ही अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद से परिजनों सहित क्षेत्र में शोक का माहौल है।



इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे ने कहा की छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत विभाग की ओर से 1 लाख का मुआवजा राशि छात्र के परिजनों को प्रदान किया जाएगा।

**संजय गुहे**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

CMYK

# पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू ने चिटफण्ड कंपनी के एजेंटों की ली बैठक

## निवेशकों को रुपए वापस दिलाने चिटफंड कंपनियों की संपत्ति ढूंढ़ रही पुलिस

- संवाददाता -
सूरजपुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

निवेशकों के रुपए लौटाने के लिए पुलिस अब चिटफंड कंपनियों की कुंडली खांगालना शुरू कर दिया है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा श्री रामगोपाल गर्ग ने चिटफण्ड कंपनी के विरूद्ध दर्ज मामलों में जानकारी हासिल करते हुए कार्यवाही कराने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने सोमवार को चिटफंड कंपनियों में पूर्व में काम कर रहे एजेंटों को बुलाकर उनकी बैठक ली। उन्होंने कंपनियों के एजेंटों से चर्चा कर चिटफण्ड कंपनियों के डायरेक्टरों के चल-अचल सम्पत्तियां कहां-कहां है उसकी जानकारी से अवगत कराने




कहा, जिसके आधार पर पुलिस उन्हें पकड़ सके साथ ही उनकी सम्पत्तियों की कुर्की भी कराई जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रशासन व पुलिस चिटफण्ड के मामलों को लेकर गंभीरतापूर्वक कार्य कर रही है। प्राप्त जानकारियों के आधार पर पुलिस के द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है। वेलफेयर रियल स्टेट कंपनी के एजेंट ने बताया कि कंपनी में निवेश करने वाले करीब 60 लोगों का 8.50 लाख रूपये वापस आ चुका है इसी प्रकार पीएसीएल कंपनी के एजेन्ट ने बताया कि 21 लोगों का करीब 2 लाख रूपये वापस आने की जानकारी दी। इस दौरान निरीक्षक जावेद मियादाद, एनआईसीएल, पीएसीएल, अभिनव हायर पर्चेस, आवास ग्रुप, फ्यूचर जनरल इंश्योरेंस बीमा के पूर्व एजेंट अमृत राजवाड़े, लक्ष्मण राजवाड़े, बटुलराम रजक, संजय चौबे, जितेन्द्र शर्मा, जयपाल मरकाम, विजय राजवाड़े, प्रसन राजवाड़े, रामकुमार राजवाड़े, शिवप्रसाद राजवाड़े, राम प्रसाद राजवाड़े मौजूद रहे।

## कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.की पहल पर जिले में रागी फसल का कार्य हुआ प्रारंभ

बलरामपुर , 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. व जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव के मार्गदर्शन में मिलेट फसल को प्रोत्साहन देने हेतु कृषि विभाग द्वारा रागी का फसल लगाया जा रहा है। कलेक्टर ने रागी फसल लगाने हेतु विशेष पहल करते हुए कृषि विभाग के समस्त मैदानी अमलों की बैठक कर विशेष कार्ययोजना तैयार करते हुए, जिले में 2000 हेक्टेयर में रागी फसल लगाने हेतु रकबा चिन्हांकित करने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद कृषि विभाग द्वारा भूमि चिन्हांकित कर रागी फसल लगाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।



रागी में कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, पोटैशियम और कैल्शियम जैसे कई जरूरी पोषक तत्वों से समृद्ध होता है, जो मधुमेह, रक्तचाप जैसे रोगों की रोकथाम हेतु सहायक होता है, रागी अनाज में अमीनों अम्ल मेथोनाईल पाया जाता है, जो कि स्टार्च की प्रधानता वाले भोज्य पदार्थों में नहीं पाया जाता है, रागी से इडली, डोसा, आलू पराठा, रोटी, रागी माल्ट, बिस्कुट, खीर, लड्डू जैसे विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ बनाये जाते हैं।

## विजय दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

- संवाददाता -
उदयपुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।




भारत पाकिस्तान युद्ध 1971 के स्वर्णिम 51 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में नेहरू युवा केंद्र के मार्गदर्शन पर महिला उत्थान कल्याण समिति के द्वारा यादव भवन में विजय दिवस के उपलक्ष में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था इसमें समिति के सदस्य और युवक युवतियां शामिल हुई थी कार्यक्रम में अंबिकापुर से विदया सांडिल्य मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विशिष्ट अतिथि रानी प्यासी रही इस दौरान महिला उत्थान कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य सरिता महंत ने 16 दिसंबर विजय दिवस 1971 में सैनिकों की ओर से दी गई कुर्बानी एवं शोर्यपूर्ण योगदान को याद किया और बताया कि 16 दिसंबर का हर साल हमारा पूरा देश विजय दिवस के तौर पर मनाते आ रहे हैं इस दिन 1971 में भारत ने पाकिस्तान को जंग में हराया था इस ऐतिहासिक जीत का जश्न हर साल मनाया जाता है हालांकि इस जंग में भारतीय सैनिकों ने बड़े पैमाने पर कुर्बानियां भी दी थी करीब 39000 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थे जबकि 98516 घायल हुए थे आज देश के वीर सिपाहियों के सारे अदम्य साहस कुर्बानी को नमन किया जा रहा है आइए जानते हैं हम सबको मिलकर सैनिकों का हमेशा सम्मान करना चाहिए क्योंकि आप हमारा देश और हम इन्हीं की वजह से सुरक्षित है मुख्य अतिथि विदया सांडिल्य द्वारा सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए देश के सैनिकों के बलिदानों को याद करते हुए कहा कि हमें सदैव सैनिकों का सम्मान करना चाहिए । संगोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए चंदा श्रीवास्तव के द्वारा देशभक्ति गीत ए मेरे वतन के लोगों सुना कर शहीदों को श्रद्धांजलि दिया गया साथ ही राहुल के द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया लोगों ने कहा हमें भी देश के लिए कुछ करना चाहिए । सभी लोग गौरव गाथा सुनकर अपने देश के लिए गौरव महसूस किए कार्यक्रम में सभी ने विचार-विमर्श रखा कार्यक्रम में सचिव चंद्रकला सिरदार उपाध्यक्ष सुनीता अजगले, दामिनी, फुलसीता, चंदा श्रीवास्तव, पूजा दुबे गायत्री गुप्ता बृजमती रीता दास अंशिका और सदस्य उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की याद में मनाया गया शहादत दिवस

» सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए लोग

» ग्राम डूमरडीह से बस स्टैंड उदयपुर तक निकाली गई रैली

- संवाददाता -
उदयपुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

19 दिसंबर को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के बैनर तले डूमरडीह उदयपुर में शहीद वीर नारायण सिंह का 165 वां शहादत दिवस सैकड़ों ग्राम वासियों की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष नवल सिंह वरकडे ने शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान के महत्व को विस्तारपूर्वक लोगों को बताया आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों ने इस अवसर पर संगीत और नृत्य के माध्यम से उनके गुणों का बखान किया ।



जनपद कार्यालय के समीप शहीद वीर नारायण सिंह चौक पर कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों गांव के भुमका बैगाओ द्वारा पूजा अर्चना और माल्यार्पण शहीद वीर नारायण सिंह के छाया चित्र पर किया गया।

मौके पर उपस्थित विभिन्न वक्ताओं ने कहा हमारे पूर्वजों के बलिदान की वजह से आज हम स्वतंत्र होकर जीवन यापन करते हुए लगातार आगे बढ़ रहे है। हमे अपनी धर्म संस्कृति और पूजा पद्धति को कभी नहीं भूलना चाहिए।

अत्याचार के खिलाफ लगातार आवाज बुलंद रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के दौरान रोहित सिंह टेकाम, विजय कोर्राम, बालसाय कोर्राम, जितम सिंह, गणेश्वर, हरि, देवेंद्र पेंद्राम सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष और बालक बालिकाएं शामिल हुए।

# सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक संपन्न

## सड़क एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर दिया गया जोर....

- संवाददाता -
सूरजपुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री खेलसाय सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्राधिकरण की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्ष श्री खेलसाय सिंह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया एवं सरगुजा क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी एवं सुझाव आमंत्रित किया। सरगुजा कमिश्नर डॉ. संजय कुमार अलंग ने सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों की एजेंडावार जानकारी दी। पुलिया निर्माण, सड़क निर्माण, तटबंध, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, जल संरक्षण, पर्यटन को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया गया। जिसमें सड़क एवं स्वस्थ सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया। बेहतर चिकित्सा हेतु डॉक्टरों की भर्ती एवं एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।




बैठक में जाति प्रमाण पत्र में मात्रा त्रुटि, किसानों को लोन लेने तथा बैंक से पैसा निकालने में कठिनाई होने संबंधी शिकायतों पर चर्चा किया गया। मात्रा एवं अक्षर संबंधी त्रुटि का सुधार किया जाकर प्राथमिकता से तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए एवं किसानों को लोन लेने एवं पैसा निकालने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो लीड बैंक को व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। पूरे संभाग में बिजली गुल होने संबंधी चर्चा करते हुए मुख्य अभियंता को तत्काल सुधार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मानव तस्करी के प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है एवं आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। एसईसीएल कोरिया, सूरजपुर के अधीन अनुपयोगी जमीनों को वापस किए जाने के संबंध में कलेक्टर सूरजपुर द्वारा अवगत कराया गया कि एसईसीएल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कोयला परियोजना हेतु भूमि कोल बायरिंग एक्यूजेशन एंड डेवलपमेंट एक्ट 1957 के प्रावधानों के तहत अधिकृत है। इस प्रावधान के तहत कंपनी को केंद्र सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना भूमि अधिकार किसी अन्य व्यक्ति को अंतरित करने की शक्ति नहीं होगी। एसईसीएल बिश्रामपुर द्वारा अवगत कराया गया कि भूमि पर सोलर पावर प्लांट लगाने की कार्यवाही की जा रही है। उपस्थित प्रतिनिधियों ने दुर्घटनाग्रस्त कोयला खदान को डिस्मेंटल करने एवं अधिग्रहित परिवार को नियमानुसार मुआवजा देने सुझाव दिया गया।

सरगुजा संभाग के स्थानीय निवासियों को तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की भर्ती में प्राथमिकता दिए जाने पर जोर दिया गया।सड़क क्षेत्र में सरगुजा संभाग बहुत ही पिछड़ा है इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पत्थलगांव से कुनकुरी के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने कुनकुरी विधायक यू डी मिंज द्वारा कहा गया। अंबिकापुर जशपुर ,बलरामपुर के रोड अत्यंत खराब है मरम्मत एवं निर्माण कार्य गंभीरता से करने कहा गया है जिससे आवागमन में सुविधा प्राप्त हो सके। सड़क निर्माण कार्य समय में पूर्ण करने के लिए कहा गया।

जगह-जगह ट्यूबवेल की खुदाई होने से दिनों दिन पानी का जलस्तर नीचे गिर रहा है । राज्य सरकार की मंशा अनुसार नदी नालों में बांध बनाया जाए, तलाब एवं डबरी का कार्य, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए गए। तथा आम नागरिकों को भी जागरूक करने का प्रयास किया जाए। कमिश्नर डॉ अलंग ने बताया कि जिले के सभी कलेक्टरों द्वारा शासन की मंशा अनुसार जल स्तर को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जा रहा है।

बैठक में किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके लोगों को रोजगार मिल सके क्षेत्र विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। सरगुजा संभाग में पर्यटन क्षेत्र में बहुत कुछ किया जा सकता है पर्यटन क्षेत्र में बढ़ावा पर जोर दिया गया।किसानों का नक्शा खसरा के लिए कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है इस संबंध में निर्देशित किया गया कि तत्काल भुइया सॉफ्टवेयर में सुधार किया जाए एवं समस्याओं का निराकरण समयावधि में करने कहा गया है।

बैठक वर्ष 2014 से 2022 तक के कार्यों का उपयोगिता, प्रमाण पत्रों की समीक्षा एवं वित्तीय वर्ष 2019- 20 से 2022 -23 तक स्वीकृत निर्माण कार्यों की वर्षवार जानकारी एवं चर्चा उपरांत अनुमोदन किया गया। वर्ष 2022 -23 में प्राप्त आवंटन पर चर्चा किया गया तथा उपस्थित प्रतिनिधियों ने बेहतर विकास कार्य फंड बढ़ाने आग्रह किया।

कमिश्नर डॉ. संजय कुमार अलंग ने उपस्थित, मंत्रियों, प्रतिनिधियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो भी सुझाव प्राप्त हुए हैं। इनपर जनहित में कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को सभी प्रस्तावित विकास कार्यों को समय अवधि में पूर्ण करने निर्देशित किया।



## गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर मनाया गया मद्य निषेध दिवस,निकाली गयी जागरूकता रैली

- संवाददाता -
बलरामपुर , 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर समाज कल्याण विभाग एवं ग्राम विकास समिति स्वैच्छिक संस्था द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत ओबरी में मद्य निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ओबरी के सचिव, सरपंच, भारत माता वाहिनी स्व-सहायता समूह की महिलाएं, शिक्षक गण सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्री चन्द्रमा यादव ने नशा से होने वाले नुकसान के संबंध में जानकारी देते हुए नशा छोड़ने की शपथ दिलायी, तथा नशा छोड़ने हेतु अपील की। इसके पश्चात् बलरामपुर में बालगृह के बच्चों को भी नशा के दुष्परिणाम के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी, तथा नशा मुक्ति नारे के साथ जागरूकता रैली निकालकर ÷नशा-नाश का जड़ है÷ का संदेश दिया गया।




## जन्म-मृत्यु पंजीयन के कार्य में सुदृढ़ीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



- संवाददाता -
बलरामपुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

योजना एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जन्म-मृत्यु पंजीयन के कार्य में सुदृढ़ीकरण के लिए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु/मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के जन्म-मृत्यु प्रभारी रजिस्ट्रारों का एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

उक्त प्रशिक्षण में जन्म एवं मृत्यु के ऑनलाईन पंजीयन, मृत्यु के चिकित्सकीय प्रमाणीकरण की शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग, महत्व एवं लाभ के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के तहत् जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण के विनियमन विषयों के संबंध में जानकारी दी गई, इसके साथ ही जन्म-मृत्यु अभिलेखों और सांख्यिकीय भागों को रखना तथा माह के प्रत्येक 10 तारीख तक रिपोर्ट करना, विलम्बित रजिस्ट्रीकरण के लिए प्राधिकारी व उसके लिये देय शुल्क तथा जन्म-मृत्यु के फर्जी प्रमाण पत्र जारी नहीं होने हेतु केन्द्रीयकृत वेबपोर्टल सीआरएसओआरजीआई डॉट जीओव्ही डॉट इन द्वारा जारी प्रमाण पत्र ही वैध होने के संबंध में लोगों में जन जागरूकता लाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में 20 छात्राओं को जनप्रतिनिधियों के हाथों हुआ निशुल्क साइकिल का वितरण

- संवाददाता -
लखनपुर , 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

लखनपुर स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत निशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अर्पिता सिंह देव युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष विरेंद्र सिंह देव नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष रमेश जायसवाल मौजूद रहे। स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्राओं व शिक्षकों के द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों ने माता सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया जहां छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत का वाचन किया गया। तो वही उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार चाहती है कि स्वामी आत्मानंद




विद्यालय के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल सके और पढ़ाई में किसी भी प्रकार की कोई बाधा ना हो इसके लिए सरकार ने सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण कर रही है जिससे छात्राएं समय से स्कूल पहुंचकर शिक्षा ग्रहण कर विद्यालय शिक्षकों क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन कर सके। साथ ही अतिथियों ने छात्राओं व शिक्षकों को क्रिसमस व नए वर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है तथा स्वामी आत्मानंद विद्यालय के कक्षा नौवीं में अध्यनरत की 20 छात्राओं को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सरस्वती साइकिल योजना के तहत निशुल्क साइकिल का वितरण किया। साइकिल पाकर छात्राएं काफी खुश नजर आए साइकिल की घंटी बजा कर अभिवादन किया। तो वहीं स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य संजीव वर्मा ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय लखनपुर में 538 छात्र छात्राएं अध्ययनरत है। लगातार शिक्षकों के द्वारा छात्र छात्राओं को बेहतर शिक्षा के साथ के साथ सांस्कृतिक व खेलकूद को लेकर भी बढ़ावा दिया जा रहा है। और शिक्षकों के पहल पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय तथा विकासखंड के अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन के माध्यम से निट और जेई के परीक्षा की तैयारी अगले सप्ताह से कराई जाएगी। इस दौरान विद्यालय के संजीव वर्मा प्रधान पाठक दीपेंद्र सिंह सरवन साहू दीप्ति सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्राएं मौजूद रहे।

CMYK

# कोरिया पुलिस विभाग के दफ्तर में वाहन अधिग्रहण मामले में चल रहे खेल की कब होगी जांच?

**पुलिस विभाग में वाहन अधिग्रहण में कई अनियमितताएं, एक ही व्यक्ति की वाहन क्यों हो रही लगातार अधिग्रहित?**

## अपराधों पर अंकुश लगाने वाले विभाग के टेबल के नीचे ही वाहन अधिग्रहण में चल रहा बड़ा खेल

- क्या पुलिस विभाग में वाहन अधिग्रहण करने के लिए निविदा नियम नहीं?
- क्या निजी उपयोग की वाहन को किया जा सकता है अधिग्रहण या व्यवसायिक रूप से पंजीकृत वाहनों का ही होना चाहिए अधिग्रहण?

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस का मूल कर्तव्य कानून व्यवस्था व लोक शांति व्यवस्था को स्थापित रखना तथा अपराध नियंत्रण व निवारण तथा जनता से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना है। समाज के समस्त वर्गों में सद्भाव कायम रखने हेतु आवश्यक प्रबंध करना, महत्वपूर्ण व्यक्तियों व संस्थानों की सुरक्षा करना तथा समस्त व्यक्तियों के जान व माल की सुरक्षा करना है पर क्या पुलिस अपने कर्तव्यों का निर्वहन निष्पक्ष तरीके से कर पा रही है? कोरिया जिले में कानून व्यवस्था के लिए काम करने वाली पुलिस विभाग के टेबल के नीचे एक बड़ा फर्जीवाड़ा का खेल चल रहा है वह फर्जीवाड़ा है वाहन अधिग्रहण का, वाहन अधिग्रहण को लेकर कई लोगों ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारियां निकाली है किसी को जानकारी मिली है तो किसी को नहीं मिली पर जो सूत्रों का मानना है कि सबसे बड़ा यहां पर अनियमितता हो रही है वाहन अधिग्रहण में तो बिना निविदा के वाहनों का अधिग्रहण करना पुलिस विभाग में सब कुछ सेटिंग से चल रहा है, जिसकी सेटिंग तगड़ी है उसकी वाहन अधिग्रहित हो जाएगी और बिल निकालने में जो पुलिस का सहयोग करेगा और बात बाहर नहीं जाएगी उसकी वाहन अधिग्रहित हो जाएगी पर अधिग्रहण करने के दौरान पुलिस कुछ ऐसी गलती भी कर रही है जो कहीं ना कहीं अपराध की श्रेणी में आता है, वह गलती है वाहन दस्तावेजों की अनदेखी, पुलिस वाहन अधिग्रहण करने से पहले वाहनों का बिना दस्तावेज जांचे उसे किराए पर अधिग्रहित कर रही है, जबकि पुलिस यह भूल गई कि किराए पर वाहन अधिग्रहित करने के लिए व्यवसायिक में पंजीकृत वाहनों का ही अधिग्रहण होना चाहिए पर निजी में पंजीकृत वाहनों का अधिग्रहण कर पुलिस की बत्ती लगा उसी वाहन में घूम रहे हैं, पुलिस के कई अधिकारी ना जाने उन्हें इस बात की जानकारी है या नहीं पर जानकारों का मानना है इस प्रकार का कृत्य अपराध की श्रेणी में आता है।




### सफेद नंबर प्लेट वाली वाहन पुलिस विभाग में दौड़ रही किराए पर

जिले के पुलिस विभाग में सफेद नम्बर प्लेट की वाहने विभागीय अधिकारियों को लेकर सड़कों पर दौड़ रही है, जबकि वाहने पीले नम्बर प्लेट की होनी चाहिए जो अधिग्रहण नियम के अनुसार होना चाहिए, पूरे मामले में कौन इस पूरे मामले में नियमो की अनदेखी कर रहा है यह तो सपष्ट नहीं है लेकिन जानकारों की माने तो यह बड़ी गलती है और यह नियमो के विरुद्ध है। सूत्रों की माने तो कई जिलों में निविदा के तहत वाहने अधिग्रहित की गई हैं, सरगुजा संभाग के कई जिलों में बिना निविदा के ही वाहनों को किराए पर लगाया जा रहा है, उसमें भी सबसे बड़ा सवाल यह है कि वाहन भी जो विभाग को लगानी है उसका पंजीयन व्यवसायिक में होना चाहिए पर बिना व्यवसायिक पंजीयन वाली वाहने भी धड़ल्ले से विभाग में पुलिस की बत्ती लगाकर दौड़ रही है, कुछ ऐसे ही वाहनों की तस्वीर भी सामने आई है जिसमें रजिस्ट्रेशन बता रहे हैं कि वाहने व्यवसायिक पंजीयन कि नहीं नहीं सफेद नंबर प्लेट वाली वाहने हैं, जिसमें पुलिस की बत्ती भी ऊपर लगी हुई है अब यह वाहन किसने लगाया कैसे लगी यह जांच का विषय है।

### वाहन मालिक कोई और भुगतान किसी और को

पुलिस विभाग में जो वाहने अधिग्रहित कर चलाई जा रहीं हैं इसमे भी बड़ा खेल है,गाड़िया किसी और कि चल रहीं हैं और भुगतान किसी और के नाम पर हो रहा है। बताया जाता है कि सबुकछ सेटिंग से चल रहा है और विभाग में वाहन केवल कुछ लोगों की ही मर्जी से अधिग्रहित हो रहीं हैं और वही लोग अपने अपने पसंद से जिसके नाम से भुगतान लेना होता है ले रहें हैं,कुलमिलाकर सिंडिकेट की तरह वाहन अधिग्रहण का एक गैंग सक्रिय है जो किसी और को वाहन लगाने देने में अड़ंगा लगाता है।

### छत्तीसगढ़ के कई जिलों में वाहन अधिग्रहण के लिए निविदा निकाली गई,प्रथम भाग के लगभग जिलों में बिना निविदा के ही दौड़ रही हैं वाहिनी कैसे

प्रदेश के अन्य जिलों की बात की जाए तो सभी जगह निविदा के माध्यम से सार्वजनिक निविदा के माध्यम से वाहन अधिग्रहण की गई हैं जबकि प्रदेश के ही कोरिया जिले में जो प्रदेश के प्रथम जिले होने का गौरव भी रखता है में वाहन अधिग्रहण मामले में निविदा निकली ही नहीं जो बहोत बड़े बंदरबांट को साबित करता है।

### छत्तीसगढ़ के पुलिस विभाग में भी वाहन अधिग्रहण में यदि ईडी छापामारे तो बहुत बड़ा घोटाला आ सकता है सामने

पुलिस विभाग छत्तीसगढ़ में भी वाहन अधिग्रहण मामले में यदि ईडी की छापेमारी हो तो बड़े घोटाले के सामने आने का अनुमान है। पुलिस विभाग में लगातार वाहन अधिग्रहण किया जाता रहता है वीआईपी मूवमेंट के दौरान भी और सामान्य परिस्थितियों में भी विभाग वाहनों का अधिग्रहण करता रहता है और इसमे जमकर फर्जीवाड़ा होता रहा है, अब यदि उच्च स्तर की जांच हो तो जरूर सच्चाई सामने आएगी और जो बड़े घोटाले के रूप में सामने आएगी।

### खेल को जानने के लिए जिम्मेदारों को लगाया गया फोन तो मोबाइल हो गया स्विच ऑफ

वाहन अधिग्रहण के नियम जानने के लिए कोरिया जिले के एमटीओ जनक तिवारी को फोन लगाकर जानने का प्रयास किया गया कि आखिर इसके नियम क्या है और किस प्रकार की वाहने लगाई जाती हैं, जिस पर उन्होंने फोन तो उठाया पर सिर्फ इतना ही बताया कि टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी कि वाहने अधिकृत की जाती है इसके बाद उन्होंने फोन काटा और फोन स्विच ऑफ हो गया, फिर दोबारा उनसे बात नहीं हो पाई, इसके बाद रक्षित केंद्र के आरआई साहब को भी फोन लगाया गया पर उन्होंने भी फोन काट दिया जिस वजह से संबंधित मामले किस संबंध में पूरी बात नहीं हो पाई।

# मुख्य नगरपालिका अधिकारी बैकुंठपुर ने निविदा में की गड़बड़ी,एल्डरमैन ने कलेक्टर से की शिकायत

- बैकुंठपुर नगरपालिका की मुख्य नगरपालिका अधिकारी गड़बड़ी करने में हैं माहिर,पहले भी हुई है शिकायत
- बिना बोली भवन आबंटित कर नगरपालिका को करोड़ों का पहले भी पहुंचा चूंकि हैं नुकसान
- ट्रेडमिल मशीन का घर मे उपयोग मामले में भी मुख्य नगरपालिका अधिकारी की हो चुकी है किरकिरी
- इसबार निविदा मामले में मैनुअल पद्धति से कार्य आबंटित करने का लगा है आरोप

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।





नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)
रजनीकांत शुक्ला "एल्डरमैन"
निवास- वार्ड क्र.12 (स्कूलपारा) बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) 7987570071

क्रमांक ______ दिनांक ______

प्रति,
कलेक्टर महोदय,
बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ०ग०)

विषय :- निविदा प्रक्रिया की जांच कराने बावत्।

विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 23.11.2022 को नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर के द्वारा निविदा क्रमांक/2530/न०पा०प०/2022 बैकुण्ठपुर दिनांक 23.11.2022 को मैनुअल पद्धति से निकाला गया था। जिसे कई ठेकेदारों के द्वारा शिकायत किया गया है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अपने चहेते ठेकेदारों को निविदा को मैनेज कर नगर पालिका को आर्थिक नुकसान पहुंचाने का काम किया गया।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि शीघ्र ही शिकायत की जांच कर निविदा को निरस्त करने की कार्यवाही कर पुनः मैनुअल पद्धति से निविदा निकालने की कृपा करें।

मनोनित पार्षद
रजनीकांत शुक्ला
न०पा०प० बैकुण्ठपुर
जिला-कोरिया (छ०ग०)

प्रतिलिपि:-
1. विधायक एवं संसदीय सचिव छ०ग० शासन, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया की ओर सादर सूचनार्थ।
2. संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास, सरगुजा संभाग, अंबिकापुर की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैकुण्ठपुर को सादर सूचनार्थ।

### पुराने बस स्टैंड की दुकानों की मैनुअल पद्धति से नीलामी में भी मुख्य नगरपालिका अधिकारी बैकुंठपुर पर लगा है आरोप

बैकुंठपुर नगरपालिका की मुख्य नगरपालिका अधिकारी के ऊपर बैकुंठपुर की पुराने बस स्टैंड में निर्मित दुकानों की नीलामी में मैनुअल पद्धति से नीलामी कर नगरपालिका को करोड़ो रूपये का आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप लगा है जबकि निर्मित दुकानों में से कुछ दुकानों की नीलामी बोली लगाकर हुई जिससे नगरपालिका को फायदा हुआ वहीं शेष बची दुकानों को मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने मैनुअल पद्धति से आबंटित कर दिया जिससे अनुमानित लगभग करोडों रुपये का नगरपालिका बैकुंठपुर को नुकसान हुआ वहीं नुकसान उन्हें भी हुआ जिन्होंने बोली लगाकर लाखों में दुकान खरीदी बाद में उन्हें पता चला कि बिल्कुल मामूल दर पर ही अन्य को मुख्य नगरपालिका अधिकारी बैकुंठपुर ने दुकानें आबंटित कर दीं।

कोरिया जिले के जिला मुख्यालय बैकुंठपुर की मुख्य नगरपालिका अधिकारी पर फिर एकबार गंभीर आरोप लगा है और इसबार आरोप निविदा आमंत्रित किये बगैर मैनुअल पद्धति से कार्य आबंटित करने का आरोप मुख्य नगरपालिका अधिकारी पर नगरपालिका के ही एल्डरमैन ने लगाया है। मामला इसलिए भी गंभीर हो जाता है कि इसबार आरोप लगाने वाले एल्डरमैन सत्ताधारी दल के हैं और मुख्य नगरपालिका अधिकारी किस तरह मनमानी कर रहीं हैं यह इसी से स्पष्ट हो जाता है कि वह सत्ताधारी दल के लोगों की भी नहीं सुन रहीं हैं वहीं वह नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहीं हैं।

पूरा मामला जो सामने आया है उसके अनुसार बैकुंठपुर नगरपालिका के एल्डरमैन रजनीकांत शुक्ला ने कलेक्टर कोरिया को शिकायत पत्र लिखते हुए मांग की है कि बैकुंठपुर नगरपालिका की निविदा क्रमांक 2530 जो दिनांक 23 नवंबर 2022 को मैनुअल पद्धति से निकाली गई है उसका मुख्य उद्देश्य अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाना है और नगरपालिका बैकुंठपुर को नुकसान पहुंचाना जिसकी जांच की जाए। एल्डरमैन रजनीकांत शुक्ला ने अपने शिकायत में लिखा है कि अपने चहेते ठेकेदारों को काम मिल सके यही इस निविदा के मैनुअल पद्धति से निकाले जाने का उद्देश्य है और जिससे नगरपालिका बैकुंठपुर को आर्थिक क्षति होने का अनुमान है। एल्डरमैन ने निविदा निरस्त करने की भी मांग कलेक्टर कोरिया से की है वहीं बता दें कि बैकुंठपुर नगरपालिका की मुख्य नगरपालिका अधिकारी की यह कोई पहली शिकायत नहीं है इसके पहले भी उनपर मनमानी के आरोप लगते रहें हैं और फिर भी उनकी मनमानी जारी है।

### ट्रेडमिल के घर पर उपयोग मामले में भी मुख्य नगरपालिका अधिकारी बैकुंठपुर की हो चुकी है किरकिरी

बैकुंठपुर नगरपालिका की मुख्य नगरपालिका अधिकारी की ट्रेडमिल को घर पर रखकर वह भी कोरोना काल मे उपयोग करने का भी आरोप लगा था और जब किरकिरी हुई थी उन्होंने स्वयं ट्रेडमिल वापस जिम भिजवाया था।

### किसका है संरक्षण जो करती हैं अपनी ही मनमानी,मुख्य नगरपालिका अधिकारी बैकुंठपुर

मुख्य नगरपालिका अधिकारी बैकुंठपुर को किसका संरक्षण प्राप्त है जो वह लगातार मनमानी करती चली आ रहीं और उनपर कोई कार्यवाही नहीं हो रहा है यह बड़ा सवाल है। बैकुंठपुर से कई मामलों में इनकी शिकायत राजधानी तक कि गई है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिससे लगता है कि इनको अच्छा एवम मजबूत संरक्षण प्राप्त है जो यह मनमानी कर रहीं हैं और इनपर कार्यवाही कर पाने की किसी की हिम्मत नहीं हो रही है।

# हाट-बाजार क्लिनिक में ग्रामीणों को मिल रही निःशुल्क बीपी-शुगर जांच की सुविधा



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले के चिन्हांकित हाट-बाजारों में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। लुण्ड्रा जनपद के अंतर्गत स्थानीय हाट-बाजार लुण्ड्रा में हाट बाजार क्लीनिक योजना के अंतर्गत सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सीजीएमएससी के अध्यक्ष व लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम पहुंचे। उन्होंने स्वयं नवनिर्वाचित जनपद उपाध्यक्ष त्रिलोकी सिंह के बीपी और शुगर जांच की। स्वास्थ्य शिविर में आने वाले मरीजों से विधायक ने बात कर उचित चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में आकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में ईलाज कराने आए कुल 207 लोगों का शिविर में स्वास्थ्य जांच किया गया तथा 137 लोगों को निःशुल्क दवा वितरित किया गया।

सीएमएचओ डॉ.पीएस सिसोदिया के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत लुण्ड्रा के साप्ताहिक बाजार में मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जो जिला मुख्यालय अम्बिकापुर से लगभग 32 किमी की दूरी पर स्थित है। डॉक्टर की टीम ने शिविर में बीपी, शुगर, एचबी जांच, वायरल फीवर, सर्दी, खाँसी तथा अन्य रोगों का जांच सह उपचार किया गया। शिविर के माध्यम से निःशुल्क ईलाज कर दवा वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को मौसमी बीमारी से सावधान रहने तथा अपने आस-पास साफ-सफाई रखने की अपील भी की गई। साप्ताहिक बाजार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगने से ग्रामीण खुश हुए। लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया।

# भाजपा समर्थित वंदना राजवाड़े ने लिया नामांकन फार्म,एक जुटता से लड़ेंगे चुनावः कृष्ण बिहारी जायसवाल

- भाजपा समर्थित वंदना राजवाड़े ने लिया नामांकन फार्म, एक जुटता से लड़ेंगे चुनावःकृष्ण बिहारी जायसवाल
- 2023 का सेमीफाइनल साबित हो सकता है कोरिया जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 का उप चुनाव।
- उप चुनाव में 81 पोलिंग में लगभग 48 हजार मतदाता जो करेंगे प्रत्याशियों के भाग का फैसला

- रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।





गुलाबी ठंड की दस्तक के साथ कोरिया में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। यह सरगर्मी आने वाले 2023 के लिए नहीं बल्कि कोरिया जिले में होने वाले जिला पंचायत उप चुनाव क्रमांक छह के लिए है। इसे सत्ता का सेमीफाइनल भी माना जा सकता है। क्योंकि इस चुनाव परिणाम के महज 6-7 माह के भीतर ही विधानसभा 2023 के चुनाव अपने रंग में नजर आने लगेगा।

आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्रीमती वंदना राजवाड़े ने दो सेट में नामांकन फार्म लिया जिसके लिए उन्होंने बकायदा 2000 रूपए का शुक्रिया अदा किया। आपको बता दें कि स्वर्गीय विजय राजवाड़े के निधन के पश्चात जिला पंचायत क्रमांक 6 का यह उपचुनाव हो रहा है। इस सीट पर पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाडे की अच्छी पकड़ है और वंदना राजवाडे उनकी पुत्रवधु है...राजनीति में पकड़ रखने वाले इस सीट का परिणाम भली-भांति जानते हैं। बताया जाता है कि इस सीट में लगभग 30 ग्राम पंचायत के लगभग 48 हजार वोटर 81 पोलिंग बूथ में वोट करेंगे। इसका मतलब यह है कि बैकुंठपुर विधानसभा का 40 फीसदी से अधिक क्षेत्र इस उपचुनाव के रंग में रंगा रहेगा। इस लिए इसे 2023 का सेमीफाइनल माना जाना पूरी तरह वाजिब भी है। आज वन्दना राजवाड़े ने जब अपना नामांकन लिया तो उस वक्त भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल, पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, पार्षद भानु पाल, पंकज गुप्ता, सुभाष साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े,सलमान अहमद, धीरेंद्र साहू,अभय मिश्रा, पप्पू प्रजापति, सहित अनेक भाजपाई उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े व भाजपा के सिपहसलार रेवा यादव के साथ वंदना राजवाड़े ने दो चरण में पहले ही लोगो से सम्पर्क कर अपनी पैठ बना ली है एकजुटता के साथ लड़ेंगे और जीतेंगे- भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा कि पूरा संगठन व कार्यकर्ता एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ कर जीतेंगे, पार्टी में कहीं कोई गुटबाजी नही है सब एक हैं। जीत ही सच्ची श्रद्धांजलि-जिला पंचायत उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी वंदना राजवाडे ने कहा कि पूरी पार्टी उनके साथ है, सेवा की भावना से वह राजनीति में कदम रख रही हैं...कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर चुनाव की जीत ही मेरे पति स्व.विजय राजवाड़े को सच्ची श्रद्धांजलि होगी..।

# स्वास्थ्य विभाग के नाक के नीचे चल रहा झोलाछाप डॉक्टरों का अवैध धंधा,खतरे में मरीजों की जान

-ईस्नु प्रसाद यादव-
मनेंद्रगढ़ , 19 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

विकासखंड भरतपुर से लगभग 20किलो दूर झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा अवैध क्लीनिक खोल गांव के भोली-भाली जनता ओं का गलत इलाज कर ग्रामीण की जिंदगी के साथ किया जा रहा खिलवाड़ ऐसा ही एक मामला देखने को मिला जिसमे कोइलरा निवासी वीरेंद्र सिंह ने रामगढ़ में बंगाली डॉक्टर के पास दर्द बुखार के इलाज़ के लिए गया था जहां डॉक्टर के द्वारा गलत इंजेक्शन लगाने से मरीज को रिएक्शन हो गया और मरीज के कूल्हे में घाव हो कर पक कर सड़न हो गया जिसे आनन फानन में उसके परिजनो के द्वारा शहडोल ले जाया गया कर्ज लेकर अभी तक इलाज़ करा आज भी मरीज की हालत सही नहीं अपने परिवार का इकलौता स्वास्थ्य विभाग के नाक के नीचे चल रहा झोलाछाप डॉक्टरों का अवैध धंधा, खतरे में मरीजों की जान मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन के द्वारा दो बार भरतपुर क्षेत्र में दवाइयों का जखीरा बरामद कर सील किया गया था लेकिन भ्रष्टाचार के माध्यम से उसे रफा-दफा कर दिया गया उसकी उचित जांच होना चाहिए विकासखंड भरतपुर के रामगढ़ में लंबे समय से झोलाछाप डाक्टर निजी क्लीनिक खोलकर मरीजों की जान से खिलवाड़ कर इलाज कर रहे हैं। ऐसा नहीं है इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को नहीं है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इनके खिलाफ बीच बीच में कार्रवाही के नाम पर खानापूर्ति की जाती है। झोलाछाप डाक्टरों



के इलाज से कई मरीज काल के गाल में समा चुके है। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग कुंभकरणीनींद में है। जानकारी के अनुसार इन फर्जी दवाखानों में मरीज की जांच से लेकर दवाइयां, भर्ती करने के लिए बेड, आदि सब कुछ है। लेकिन डॉक्टरों के पास उचित डिग्री नही है। ऐसे में समझ सकते है कैसे इलाज होता है। क्षेत्र की जनता का स्वास्थ्य झोलाछाप डाक्टरों के हाथ में चला गया है बंगाली डाक्टरों ने गांवों में पांव पसार रखे हैं। एक मकान या दुकान किराए पर लेकर झोलाछाप डॉक्टर अपना दवाखाना खोलकर बैठ गए है। चिकित्सा विभाग व प्रशासन द्वारा महज इक्का-दुक्का कार्रवाई होने और ठोस कार्रवाई अमल में नहीं होने से झोलाछाप धड़ल्ले से जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रह है।

एमबीबीएस की तरह इलाज वैसे तो झोलाछाप डॉक्टर फोड़ा-फुंसी या सिर दर्द जैसी बीमारी का इलाज करने के लिए भी अधिकृत नहीं है। लेकिन गांव की ग्रामीणो को यह बड़ा डॉक्टर बताकर ठग रहे है और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यह डॉक्टर मलेरिया, खांसी, सर्दी-जुकाम सहित कई बीमारियों का इलाज भी करते है। भोली भाली जनता से पैसा वसूलने के लिए यह डाक्टर मरीज को भर्ती करके ड्रिप चढ़ाने, इंजेक्शन लगाने सहित घायलों को पट्टी करने और कई बार टांके लगाने तक के काम कर लेते है। कई बार कार्रवाई हुई लेकिन मामला रफा-दफा भरतपुर के रामगढ़ में झोलाछाप डॉक्टरों का व्यापार फल-फूल रहा है। बिना उचित डिग्री के कर रहे इलाज

## मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक सम्पन्न

बलरामपुर , 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जिले में संचालित है, जिसकी अंतिम तिथि 01 जनवरी 2023 निर्धारित की गयी है तथा इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री एस.एस.पैकरा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में जारी फोटोयुक्त मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं अन्य कार्यक्रमों से राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से जिले में विशेष रुप से पिछड़ी जनजातीय वर्ग के ऐसे महिला पुरूष जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो और उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, ऐसे लोगों को चिन्हांकित कर उनका नाम मतदाता सूची में शत्-प्रतिशत् जुड़वाने के लिए प्रोत्साहित करने का आग्रह किया गया, इसके साथ ही ऐसे मतदाता जो अन्यत्र निवासरत हो, जिनकी मृत्यु हो चुकी हो ऐसे मतदाताओं को चिन्हांकित करते हुए मतदाता सूची से नाम विलोपित करने तथा जिले के सभी मतदाताओं का मतदाता परिचय पत्र को आधार कार्ड से शत-प्रतिशत् लिंक कराये जाने हेतु कहा गया।

## नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल दिनांक 19 से 23 दिसम्बर तक कोरबा लोक सभा के दौरे पर

- संवाददाता -
कोरबा, 19 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।



छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल भातरीय जनता पार्टी के केन्द्रीय कार्यक्रम के तहत दिनांक 19 दिसम्बर से दिनांक 23 दिसम्बर तक कोरबा लोक सभा क्षेत्र दौरा कार्यक्रम के तहत दिनांक 19 दिसम्बर को भरतपुर-सोहनत, दिनांक 20 दिसम्बर को मरवाही, दिनांक 21 दिसम्बर को मनेन्द्रगढ़, दिनांक 22 एवं 23 दिसम्बर को कोरिया विधान सभा क्षेत्र का दौरा करेंगे एवं भाजपा कार्याकर्ताओं की बैठक लेंगे तथा जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। इस दौरे में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव, प्रदेश उपाध्यक्ष लखन देवांगन, मनेन्द्रगढ़ जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी, पूर्व विधायक श्रीमती चम्पा देवी पावले सहित नेता प्रतिपक्ष चंदेल पांच दिवसीय दौरे पर है। इस कार्यक्रम के उपरांत वे दिनांक 24 एवं 25 दिसम्बर को भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में शामिल होंगे। दिनांक 26 दिसम्बर को जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र के कार्यक्रम में शामिल होंगे। दिनांक 27 से 30 दिसम्बर तक कोरबा जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करेंगे।

## शराब के लिए पैसे नहीं देने पर पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया वार

- संवाददाता -
कोरबा, 19 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

कोरबा जिले के श्यांग थाना क्षेत्र का है जहाँ एक पति ने अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से किया हमला । उसने महिला को इसलिए मारा क्योंकि उसने अपने पति से कहा था के पहले से इतनी पी रखी है और कितना पीओगे कहकर शराब के लिए पैसे नहीं होने की बात कर पैसे नहीं दिए थे। ये सुनने के बाद युवक गुस्सा हो गया और उसने हमला कर दिया । घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। मामला खिसलारीपारा निवासी प्रफुल्ल यादव(38) अपनी पत्नी लगनमती(35) और 16 साल के बेटे रामकुमार के साथ रहता है। वह घर का खर्चा चलाने के लिए रोजी मजदूरी करता है। रोज की तरह वह रविवार को शराब पीकर घर पहुंचा था। शाम के वक्त तीनों ने मिलकर खाना खाया। इसके बाद रात को ही उसका बेटा कहीं सोने चला गया । बताया गया कि रात के वक्त ही प्रफुल्ल ने अपनी पत्नी से कहा कि मुझे पैसे चाहिए शराब पीने के लिए। मगर लगनमती मना करने लगी और कहने लगी तुमने तो पहले से शराब पी रखी है और कितनी पीओगे। मेरे पास पैसे भी नहीं है। यह बात सुनकर प्रफुल्ल गुस्से में आ गया और गाली गलौज करने लगा। बाद में कुल्हाड़ी उठाकर उसने लगनमती पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना के वक्त महिला जोर-जोर से चिल्लाने लगी, जिससे चिल्लाने की आवाज





सुनकर पड़ोस में रहने वाला लगनमती का भाई मौके पर पहुंच गया। घटना के बाद आरोपी पति फरार हो गया था, जबकि महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। इसके अलावा पुलिस को भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी गई थी। जिसके बाद पुलिस ने इस केस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची मगर आरोपी गांव में नहीं मिला। इस बीच गांव के ही किसी शख्स ने बताया कि उसे जंगल की तरफ भागते हुए देखा गया है। इसके बाद पुलिस की टीम ने जंगल में घेराबंदी कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है।

## सिरौली में आयोजन डांस प्रतियोगिता में प्रिंसी तिवारी को मिला प्रथम पुरस्कार

- संवाददाता -
एमसीबी19 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

जिला मनेन्द्रगढ़ के समीप लगभग 14 किलोमीटर दूरी पे हनुमान की नगरी कहेजाने वाला ग्राम सिरौली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन हुआ, बता दें कि सांस्कृतिक कार्यक्रम सेवा समिति सिरौली के द्वारा डांस प्रतियोगिता का कार्यक्रम किया जाता आ रहा है। जिसमे कि मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के कई जिले से आये डांसरों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक गुलाब कमरों, मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष श्री मति प्रभा पटेल, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, कांग्रेस युवा अध्यक्ष हाफिज मेमन, वरिष्ठ कांग्रेसी हारून मेमन, राजेश साहू की उपस्तिथि मौजूद रही। इस कार्यक्रम के दौरान एक से एक बढ़कर प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के सभी गाँव व शहर के लोग एकत्रित हुए भारी संख्या में भीड़ देखने को मिली और सभी ने डांस प्रतियोगिता कार्यक्रम का आनन्द लिया।




डांस प्रतियोगिता के निर्णायक पंकज बेलवंशी के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सांस्कृतिक कार्यक्रम सेवा समिति की पूरी टीम व भूतपूर्व जनपद सदस्य रफीक मेमन का सराहनीय रहता रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष सिरौली उपसरपंच निर्मल सिंह,राजकुमार वर्मा, इब्राहिम खान, अब्दुल खान, हरि सिंह, अर्जुन सिंह, सचिन सिंह, हँसनाद मरावी, तेज सिंह, रियाज खान, राहुल सिंह, अनिल रजक, ज्वाला प्रसाद, सुभीर शर्मा, अरुण मिश्रा, पंकज गोयल, कपिल सिंह व समस्त ग्रामवासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका रही।

## निजात अभियान के अंतर्गत ग्राम बरपाली में नशे से दूर रहने एवं नशे के बुराइयों से बचने की दी गयी सलाह

- संवाददाता -
कोरबा, 19 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।




कोरबा पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा अवैध नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे निजात अभियान के तहत थाना उरगा के ग्राम बरपाली में ग्राम वासियों को हमर बेटी हमर मान, साइबर क्राइम, गुड टच बैड टच, यातायात के नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी देने के साथ साथ नाबालिक बच्चों को गाड़ी न चलाने देने के संबंध में बच्चों एवं उनके अभिभावकों को जानकारी देकर किया गया जागरूक । पुलिस द्वारा ग्राम बरपाली में लोगों को संबोधित करते हुए नशे से होने वाले नुकसान एवं नशे से सम्बंधित मादक पदार्थों का सेवन करके गाड़ी चलाने से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी देने के साथ कानूनी कार्यवाही से बचने की सलाह दी गयी ढ्ढ बच्चों को नशे से दूर रहने एवं नशे के बुराइयों से बचने की भी सलाह दी गयी ढ्ढ पुलिस द्वारा चलाया जा रहढ्ढ निजात अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ।

## पूर्व जनपद उपाध्यक्ष व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनिल जयसवाल ने कटकोना में किया जनसंपर्क

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 19 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

बैकुंठपुर जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अनिल जयसवाल ने कटकोना ग्राम पंचायत पहुंच किया जनसंपर्क। श्री जायसवाल ने कहा कि आज अपने परिवार के साथियों के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान सप्ताहिक बाजार कटकोना में पहुंचकर सभी सम्मानित किसान भाइयों से सम्मानीय व्यापारी साथियों से सम्मानीय माताओं बहनों से बच्चों से मुलाकात कर सभी का हाल-चाल जान और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सम्मानीय भूपेश बघेल के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली है,




जिससे मालूम हुआ कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन जिला प्रशासन के द्वारा बहुत अच्छे तरीके से किया जा रहा है जिससे नीचे तक सभी वर्ग के लोगों को इसका लाभ पहुंच रहा है सभी वर्गों के लोगों ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रकट किया सभी ने धन्यवाद दिया। जिसमें मुख्य रुप से हमारे साथ पटना सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर ईश्वर दयाल सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी वहिद खान, वरिष्ठ कांग्रेसी अजीत राय, कटकोना वरिष्ठ कांग्रेसी कन्हैया लाल जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी संतोष साहू, युवा कांग्रेसी राजा खान उपस्थित रहे।

## अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

- संवाददाता -
प्रतापपुर , 19 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

प्रतापपुर सीबीएसई एफिलिएटेड अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल में अध्ययनरत छात्रों के बौद्धिक, मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास हेतु शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया। भ्रमण में विभिन्न स्थानों को शामिल किया गया जैसे शक्कर कारखाना, सैनिक स्कूल, घुनघुट्टा बांध, दरिमा एयरपोर्ट, संजय पार्क, रेडियो स्टेशन (आकाशवाणी अम्बिकापुर) इत्यादि। इस यात्रा में छात्रों ने इन स्थानों के बारे में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।










शक्कर कारखाना में छात्रों ने गन्ने से शक्कर बनने के प्रोसेस को देखा। शक्कर फैक्ट्री में मौजूद विभिन्न मशीन किस प्रकार काम कर रहे हैं उन्हें पास से देखा एवं शक्कर का निर्माण कैसे होता है इस प्रक्रिया को समझा। इसी कड़ी में भ्रमण का अगला स्थान सैनिक स्कूल अंबिकापुर जो कि पूरे छत्तीसगढ़ का प्रतिष्ठित विद्यालय है वहां जाकर हमारे स्कूल के छात्रों ने एक मिलिट्री बोर्डिंग स्कूल के पर्यावरण और संस्कृति को देखा जिसमें इक्वेस्टेरियन (घुड़सवार) क्लब, सोमनाथ स्टेडियम, एयरक्राफ्ट मॉडल, आर्टिलरी (बंदूक के मॉडल), स्कूल के विभिन्न कक्ष, पुस्तकालय और स्कूल छात्रावास शामिल थे। हमारे विद्यालय के छात्रों को सैनिक स्कूल के उपप्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल रेणु यादव और प्रशासनिक अधिकारी स्क्वार्डन लीडर सौरभ सिंह ने संबोधित किया एवं पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासित कैसे रहें के विषय में प्रोत्साहित किया। सैनिक स्कूल के बाद बच्चों को घुंनघुट्टा बांध ले जाया गया जहां छात्रों ने पानी को रोककर कैसे बिजली उत्पादित किया जाता है उस प्रक्रिया को गौर से देखा एवं समझा। इसके बाद संजय पार्क में छात्र छात्राओं ने प्रकृति की सुंदरता और विभिन्न वन्य जीवों का आनंद लिया। अंत में छात्रों ने आकाशवाणी अम्बिकापुर (रेडियो स्टेशन) का दौरा किया जहां छात्रों ने बड़े ही दिलचस्पी से समझा कि रेडियो प्रणाली कैसे काम करती है, कार्यक्रम का प्रसारण कैसे किया जाता हैं, उन्होंने स्टूडियो, टॉक रूम, ब्रॉडकास्ट एंटीना आदि देखा।

शैक्षिक भ्रमण ज्ञान प्राप्त करने और सीखने का सबसे अच्छा साधन है। स्कूल में आयोजित शैक्षिक भ्रमण मस्ती के साथ सीखने का अवसर प्रदान करता है। दैनिक दिनचर्या से कुछ अलग नए स्थानों का भ्रमण करने से न केवल ज्ञान बढ़ता है बल्कि इंसान को मानसिक रूप से फिट भी बनाता है। इसलिए हमारे स्कूल में इस तरह की शैक्षिक भ्रमण के आयोजन पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस भ्रमण में विद्यालय के प्राचार्य सौमेन चटर्जी, असिस्टेंट टीचर पुष्कर मिश्रा, अभिषेक सिन्हा, सामीन शाहीन, पी अबिरामी, आकांक्षा मिश्रा, हिमालय मींज सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ मौजूद थे।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय साहू दुखी साव निवासी गांधीनगर थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (भाभी) स्व0 निशा साहू आ0 पति स्व0 संतोष साहू मृत्यु की दिनांक 09/11/2000 को स्थान निवास में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
सील अम्बिकापुर, सरगुजा

# वनडे सीरीज से केन विलियमसन हुए बाहर



### किस खिलाड़ी के हाथ में होगी कमान

**नई दिल्ली,19 दिसम्बर 2022।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच जनवरी के महीने में वनडे और टी20 सीरीज का आयोजन होना है। न्यूजीलैंड के टीम जनवरी 2023 में भारत का दौरा करने वाली है। इस सीरीज से पहले न्यूजीलैंड की टीम को बड़ा झटका लगा है। वहीं भारतीय टीम के लिए राहत की खबर है। न्यूजीलैंड का भारत दौरा 18 दिसंबर से शुरू हो गया है। इस दौरे के दौरान न्यूजीलैंड की टीम को नया कप्तान देखने को मिलेगा। इसका खुलासा तब हुआ जब भारत दौरे के लिए न्यूजीलैंड की टीम का ऐलान हुआ है। इस सीरीज में न्यूजीलैंड की कप्तानी केन विलियमसन के हाथों में नहीं होगी। इस सीरीज में केन विलियमसन को आराम दिया गया है। सीरीज में टॉम लाथम को कप्तानी सौंपी गई है।

गौरतलब है कि केन विलियमसन पिछले सप्ताह ही टेस्ट टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे चुके है। अब वो सिर्फ वनडे और टी20 टीम की कप्तानी करते दिखाई देंगे। इसी बीच भारत के खिलाफ सीरीज में उन्हें आराम दिया गया है।

इस खिलाड़ी को भी नहीं मिली जगह

न्यूजीलैंड की टीम के कप्तान केन विलियमसन के अलागा तेज गेंदबाज टीम साउदी को भी भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज से बाहर रखा गया है। जानकारी के मुताबिक दोनों खिलाड़ी न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच होने वाली सीरीज में हिस्सा लेंगे। भारत के खिलाफ केन और टीम खेलते हुए नजर नहीं आएंगे।

न्यूजीलैंड का भारत दौरा

| तारीख | मैच | जगह |
|---|---|---|
| 18 जनवरी | पहला वनडे | हैदराबाद |
| 21 जनवरी | दूसरा वनडे | रायपुर |
| 24 जनवरी | तीसरा वनडे | इंदौर |
| 27 जनवरी | पहला टी20 | रांची |
| 29 जनवरी | दूसरा टी20 | लखनऊ |

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिये स्पिनर नासूम अहमद बांग्लादेश टीम में

**ढाका,,19 दिसम्बर 2022।** बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ अगले सप्ताह होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट के लिये बायें हाथ के स्पिनर नासुम अहमद को चोटिल तेज गेंदबाज इबादत हुसैन की जगह टीम में शामिल किया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने 22 दिसंबर से ढाका में शुरू हो रहे टेस्ट के लिये टीम का ऐलान ट्विटर पर किया। बांग्लादेश के लिये चार वनडे और 28 टी20 मैच खेल चुके नासुम को शाकिब अल हसन के कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।



हसन दूसरे टेस्ट में गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे चूंकि उनके कंधे और पसली में चोट है। तेज गेंदबाज शरीफुल इस्लाम और सलामी बल्लेबाज तामिम इकबाल भी चोट के कारण टीम में जगह नहीं बना सके। बांग्लादेश टीम = शाकिब अल हसन (कप्तान), जाकिर हसन, नजमुल हुसैन, मोमिनुल हक, यासिर अली, मुशफिकुर रहीम, लिटन दास, नुरूल हसन, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, तसकीन अहमद, खालिद अहमद, महमूदुल हसन, रेजाउर रहमान राजा।

# अनुशासन,जीत की भूख से बनते है चैंपियन:मैरी कॉम

**इटावा ,19 दिसम्बर 2022।** मशहूर बाक्सर मैंगते चंग्नेइजैंग मैरी कॉम ने युवाओं को सलाह देते हुये कहा कि जीवन में अनुशासन और जीतने की भूख आपको किसी भी क्षेत्र में चैंपियन बना सकती है।

दिल्ली पब्लिक स्कूल के दो दिवसीय सालाना स्पोर्ट्स डे समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने आईं मैरी कॉम ने रविवार को बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे स्कूल में भी स्पोर्ट होता था लेकिन तब कोई सुविधाएं नहीं थी। कोच नहीं थे। आप सभी बच्चे सौभाग्यशाली है कि आपके पास सब कुछ है। अभिभावकों से यही कहना चाहूंगी कि अपने बच्चों को खेलने दो।

उन्होंने भावुक होते हुये कहा, मैं नहीं पढ़ सकी क्योंकि मैं एक गरीब किसान की बेटी थी। मेरे पास पढ़ाई के लिए पैसे नहीं थे और बस एक जोड़ी ही बॉक्सिंग ग्लव्स और ट्रैक सूट था लेकिन मैंने कभी हारी नही और जीवन में खेल को ही अपना भगवान बना लिया और आज जो भी हूं आपके



सामने हूं। मैं दुआ करती हूं कि इस स्कूल के बच्चे भी आगे चलकर देश के लिए मेडल लेकर आएं।

चालीस वर्षीय बॉक्सर आज एक अलग ही अंदाज में नजर आईं। स्पोर्ट्स डे मंच पर ही वह जम कर डांस करने लगी। संबोधन के बाद मंच से उतरकर विद्यालय के कई बच्चों से हाथ मिला कर मुलाकात की और अभिभावकों का अभिवादन भी स्वीकार किया। साथ ही कई बच्चों को जैकेट और कॉपी पर ऑटोग्राफ भी दिया। स्कूली बच्चे अंतराष्ट्रीय बॉक्सर को खुद के बीच देखकर बेहद खुश हुए। मेरीकॉम ने प्ले ग्राउंड में जाकर बच्चों के साथ विजयी मुद्रा में फोटो खिंचवाई।

डीपीएस के चैयरमैन डॉ विवेक यादव ने कहा कि मैरीकॉम आत्मविश्वास और ऊर्जा से भरी एक बेहतरीन मां का नाम है। यह उनका आत्मविश्वास और जुनून ही है कि दो बच्चों की मां होने के बाद भी वे छह बार विश्व चैंपियन रह चुकी हैं जो कि पूरी दुनियां के लिए संघर्ष और सफलता की एक प्रेरणा है।

# विश्व कप के बाद भी इंग्लैंड की टीम से जुड़े रहेंगे साउथगेट

**ब्रिसबेन,19 दिसम्बर 2022।** इंग्लैंड के कोच गैरेथ साउथगेट ने पुष्टि की है कि वह फुटबॉल विश्व कप के बाद भी टीम के साथ जुड़े रहेंगे। साउथगेट ने विश्व कप क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाफ शिकस्त के बाद कहा था कि उन्हें अपने भविष्य पर विचार करने के लिए समय चाहिए। साउथगेट ने हालांकि अपने पद को लेकर बनी अनिश्चितता को खत्म करते हुए फुटबॉल एसोसिएशन (एफए, इंग्लैंड का फुटबॉल महासंघ) को 2024 में यूरोपीय चैंपियनशिप में टीम का मार्गदर्शन करने की अपनी इच्छा से अवगत कराया है।



एफए ने बयान में कहा, ''हमें यह पुष्टि करते हुए खुशी हो रही है कि गैरेथ साउथगेट इंग्लैंड के मैनेजर के पद पर बने रहेंगे और यूरो 2024 में टीम के अभियान की अगुआई करेंगे। गैरेथ और स्टीव हौलेंड को हमेशा हमारा पूर्ण समर्थन मिलेगा और यूरो के लिए हमारी तैयारी अभी शुरू होगी।''

इंग्लैंड को कतर में चल रहे विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में गत चैंपियन फ्रांस के खिलाफ 1-2 से हार झेलनी पड़ी थी। साउथगेट का अनुबंध दिसंबर 2024 तक है लेकिन इस हार के बाद उन्होंने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि यह करार पूरा होगा।

# अंपायरों ने पिच से संबंधित सवालों को नजरंदाज किया:एल्गर

**ब्रिस्बेन ,19 दिसम्बर 2022।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर ने गाबा टेस्ट सिर्फ दो दिन में खत्म होने के बाद पिच की आलोचना करते हुए कहा कि जब उन्होंने यहां बल्लेबाजी करने के खतरे पर अंपायरों से सवाल किया तो उन्हें नजरंदाज किया गया।



ऑस्ट्रेलिया ने शुरू हुए टेस्ट में आज छह विकेट से विजय हासिल कर ली। साढ़े पांच सत्रों के इस मैच में सिर्फ 144. 2 ओवर फेंके गये, जबकि आउट होने वाले 34 में से 26 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छूने में नाकाम रहे।

एल्गर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, आपको खुद से सवाल करना होगा कि क्या यह हमारे प्रारूप का अच्छा प्रचार है? दो दिनों में 34 विकेट गिरना मेरे अनुसार एकतरफा मामला है। हम एक मैच को चार या पांच दिन तक चलता हुआ देखना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, पिच पर पुरानी गेंद के साथ जैसा उछाल मिल रहा था, वह बल्लेबाजों को बेबस कर देता है। सिर्फ तीन बल्लेबाज ही रन बनाने में सफल रहे। मुझे नहीं लगता कि यह बहुत अच्छा टेस्ट विकेट था।

एल्गर ने अंपायरों के साथ हुई बातचीत के बारे में कहा, मैंने (दूसरी पारी में) अंपायरों से भी बात की। जब रबाडा ने (ट्राविस) हेड को बाउंसर पर आउट किया तब मैंने अंपायर से पूछा कि इस स्थिति को असुरक्षित कब माना जायेगा? उसके बाद आनरिक नॉर्खिया भी जो बाउंसर डाल रहे थे वे हमारे सिर के ऊपर से निकल रही थीं। मुझे पता था कि मैच खत्म हो चुका है, लेकिन इस समय पर अंपायरों को विवेक से काम लेना चाहिये था।

एल्गर ने बताया कि उन्हें अंपायरों ने कोई जवाब नहीं मिला। एल्गर ने पिच को सुरक्षित या असुरक्षित कहने से भी गुरेज़ किया। उन्होंने कहा कि उनके बल्लेबाजों का मनोबल कम नहीं हुआ है और वह अगले टेस्ट से पहले अपनी गलतियों पर काम करेंगे।

# भारत एचआईएफहॉकी पुरुष विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार है:ब्रैम लोमन्स

**नई दिल्ली ,19 दिसम्बर 2022।** एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला बस कोने के आसपास है, जो 13 जनवरी, 1998 पुरुषों के हॉकी विश्व कप-विजेता और दो बार के ओलंपिक से शुरू होने वाला है। स्वर्ण पदक विजेता ब्रैम लोमन्स ने टूर्नामेंट के लिए अपने पसंदीदा का खुलासा किया। ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, नीदरलैंड, भारत, अर्जेंटीना, जर्मनी, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, फ्रांस, कोरिया, मलेशिया, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका, जापान, चिली और वेल्स 16 टीमें हैं, जो टूर्नामेंट में भाग लेंगी।



÷मुझे लगता है कि अगर भारत भारी दबाव का सामना कर सकता है, और अगर खिलाड़ी बहुत उत्साहित नहीं होते हैं, तो उनके पास जीतने का एक अच्छा मौका है। भारत के पास अच्छे स्ट्राइकर, अच्छे कोने लेने वाले और अच्छे गोलकीपर हैं। इसलिए उनके पास है दूर तक जाने के लिए सभी सामग्री, पूर्व नीदरलैंड अंतरराष्ट्रीय ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा।

# जम्पा या राशिद जैसा कोई व्यक्ति मुंबई इंडियंस के लिए एकदम सही होगा:संजय मांजरेकर

**मुंबई ,19 दिसम्बर 2022।** आईपीएल 2023 की नीलामी एक सप्ताह से भी कम समय दूर है और आगामी आईपीएल सीज़न के लिए सर्वश्रेष्ठ संभावित टीम पाने के लिए टीमें पूरी तैयारी में हैं। जबकि कुछ टीमों को उनके रोस्टर के साथ सेट किया जाता है, केवल कुछ बदलावों की आवश्यकता होती है, अन्य टीमें नीलामी में कुछ सबसे बड़े नामों को लक्षित करके अपने दस्तों में एक बड़ी उथल-पुथल देख रही होंगी।

बेन स्टोक्स, एडम ज़म्पा और मयंक अग्रवाल जैसे खिलाड़ियों को टीमों द्वारा छीने जाने के लिए तैयार होने के साथ, इन स्टार खिलाड़ियों के लिए बहुत सारे पैडल उठाए जाने की उम्मीद है।

एक और बड़ा कारक जो खेल में आता है वह है प्रत्येक टीम का पर्स, पंजाब किंग्स और स्क्रा जैसी फ्रेंचाइजी के पास पर्याप्त मात्रा में पैसा बचा है। आईपीएल 2023 की नीलामी आईपीएल की राह में पहला मील का पत्थर होगी, जो 23 दिसंबर, 2022 को स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और हॉटस्टार पर आयोजित की जाएगी।

स्टार स्पोर्ट्स के शो गेम प्लान - ऑक्शन स्पेशल पर विशेष रूप से बोलते हुए, भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने मुंबई इंडियन की टीम पर बात की, कि वे अगले सीज़न के लिए कैसे आकार लेने जा रहे हैं और वे इस साल की नीलामी में किसे लक्षित करेंगे, उन्होंने कहा ÷आप जानिए जब आप उनके गेंदबाजी आक्रमण को देखते हैं, और पिछली बार जब वे पीड़ित हुए थे, लेकिन अब उनके पास जोफ्रा आर्चर है, बुमराह फिट हैं, उनके पास जेसन बेहरेनडॉर्फ हैं, तो यह एक गुणवत्ता आक्रमण है जो उनके पास है, इसलिए यह नहीं है एक समस्या। रोहित शर्मा भी सामान की देखभाल करते हुए फॉर्म में वापस आ गए हैं, इसलिए वे उम्मीद कर रहे होंगे कि वह भी जा सकते हैं। लेकिन लेग स्पिन, अब हर आईपीएल टीम को राशिद खान जैसे किसी की जरूरत है। इसलिए, वे अपने राशिद की तलाश कर रहे हैं खान या सुनील नारायण।



तो, यही वह जगह है जहां ज़म्पा या आदिल राशिद जैसा कोई लेग स्पिनर खोजने के लिए समीकरण में आ सकता है। इसलिए, पिछले सीज़न में उनके प्रदर्शन के बावजूद तीनों पहलू ठीक लगते हैं। तो, हाँ एक कलाई का स्पिनर, वे एम. अश्विन को जाने दिया, उनका वहां स्पिनरों का इतिहास रहा है क्या मार्कंडे उनके साथ थे, राहुल चाहर, उन्हें उन्हें कभी जाने नहीं देना चाहिए था, वह जा चुके हैं, इसलिए हो सकता है कि ज़म्पा या आदिल राशिद जैसा कोई विदेशी स्पिनर उनके लिए एकदम सही होगा।÷

इरफान पठान ने नीलामी में सबसे बड़ी राशि वाली दो टीमों - पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बारे में बात की और बताया कि कैसे वे इस साल की नीलामी में उपलब्ध कुछ सबसे बड़े नामों को लक्षित करके अपनी टीम को गुणवत्ता से भरना चाहेंगे, उन्होंने कहा ÷निश्चित रूप से , पंजाब किंग्स और स्क्रा दोनों, वे नीलामी में अपनी भीड़ दिखाने जा रहे हैं क्योंकि देखिए, एक बात पक्की है कि जब हमारे पास एक तयशुदा इकाई नहीं है, जब आपके पास एक उचित प्लेइंग इलेवन नहीं है जो पंजाब और स्क्रा के पास नहीं है, इसका मतलब है कि उनके पास एक बड़ा बैंक बैलेंस है और इसका मतलब है कि उन्हें बहुत स्मार्ट होने की जरूरत है, उन्हें इन नीलामियों में भी आक्रामक होने की जरूरत है क्योंकि उनके पास बाहुबल है और मुझे लगता है कि एडम ज़म्पा, वे जाएंगे शुरुआत से ही उसके बाद। स्क्रा मयंक अग्रवाल के पीछे जाएगा क्योंकि उन्हें एक तरह के आक्रामक सलामी बल्लेबाज की भी जरूरत है। उनके पास अभी केन विलियमसन नहीं है जो एक अनुभवी खिलाड़ी के रूप में कई वर्षों तक उनका नेतृत्व करते थे और जो पारी की शुरुआत करते थे। साथ ही मयंक अग्रवाल इस तरह के व्यक्ति हैं जिसने एक पक्ष का नेतृत्व किया है, जो काफी स्वतंत्र रूप से खेलता है, वह बहुत निडर और बहुत निस्वार्थ है। वे शायद उन्हें एक नेता के रूप में भी आगे बढ़ने के बारे में सोच रहे होंगे। तो देखते हैं क्या होने वाला है, लेकिन निश्चित रूप से वे उस नीलामी में उस तरह के परिचय की तलाश करने वाले हैं।÷

# ऋतिक रोशन ने रेड सी फिल्म फेस्ट में बॉलीवुड में बदलाव को रिकैलिब्रेशन बताया

अभिनेता रितिक रोशन ने चल रहे रेड सी फिल्म फेस्टिवल में अपने करियर, अपने चैरिटेबल कार्यो और अपने पिता, निर्देशक राकेश रोशन के साथ अपने पेशेवर संबंधों के बारे में विस्तार से बात की। रोशन ने कहा, मेरे पिता फिल्मों में आने के खिलाफ थे क्योंकि उन्हें संघर्ष करना पड़ा था। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 20 वर्षों तक बहुत कठिन संघर्ष किया और वह नहीं चाहते थे कि मैं उन सब चीजों से गुजरूं जिनसे वे गुजरे हैं।

लेकिन मुझे लगता है कि मेरे अंदर कुछ ऐसा था जो वास्तव में दृढ़ था। मैं खुद को साबित करना चाहता था क्योंकि मैं वास्तव में खराब हकलाने के साथ बड़ा हुआ था और सामान्य दिखने और महसूस करने का यह मेरा एक मौका था, उन्होंने दर्शकों को बताना जारी रखा कि कैसे अपने बचपन के हकलाने के कारण उन्होंने बहिष्कार और अलगाव महसूस किया, जिससे उन्हें विशेष योग्यता वाले बच्चों की मदद करने के उद्देश्य से एक चैरिटी फाउंडेशन स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

ऋतिक, जो बॉलीवुड में सबसे बड़े नामों में से एक हैं, ने



उद्योग की हमेशा विकसित होने वाली प्रकृति पर बात की। यह बेहतर के लिए विकसित हुआ है। यह विकास की एक प्रक्रिया है, हम केवल बेहतर होने जा रहे हैं - यदि आप नहीं करते हैं, तो प्रकृति यह सुनिश्चित करेगी कि आप ऐसा करें।

सिनेमा अब कहीं अधिक वास्तविक है क्योंकि एक समाज के रूप में लोगों की सामूहिक चेतना बढ़ रही है, महामारी ने हम पर एक सुंदर परिवर्तन किया है; हम कहीं अधिक समझदार हैं। इसने हमारी धारणा बदल दी है कि मनोरंजन कैसा होना चाहिए हम कुछ बेहतर मांग रहे हैं और बेहतर आएगा। यह पुनर्मूल्यांकन का समय है।

क्या वह हॉलीवुड में काम करना चाहेंगे? हां, लेकिन अगर सही कहानी साथ आती है। मैं ऐसी पटकथाओं की तलाश करता हूं जो सच्चे जुनून और कल्पना की जगह से आती हैं और उम्मीद है कि मैं इसे अपनी फिल्मों में खुद लाऊंगा। रोशन की सिनेमा की पहली यादों में से एक स्टीवन स्पीलबर्ग की ई.टी. देखना है।

और क्रिस्टोफर रीव वीएचएस पर सुपरमैन के रूप में। मैं उन फिल्मों का दीवाना हो गया था! मैं सिनेमा का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं, मुझे बड़े सिनेमा से प्यार है, मुझे हर तरह की कला से प्यार है। मैं सिनेमा का बहुत अच्छा छात्र हूं। रोशन वर्तमान में भारत की पहली एरियल एक्शन फिल्म फाइटर पर काम कर रहे हैं, जो 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होने वाली है।

# व्हाइट ड्रेस में बला की खूबसूरत लग रही हैं श्रद्धा दास



साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक श्रद्धा दास हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस अंदाज से सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट लुक्स की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट और सेक्सी लुक देख कर फैंस उनकी दिलकश अदाओं पर एक बार फिर से अपना दिल हार गए हैं। तमिल-तेलुगू के अलावा और भी दूसरी भाषाओं की फिल्मों में काम करने वाली एक्ट्रेस श्रद्धा दास हमेशा अपने बोल्ड लुक्स को लेकर लाइमलाइट में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने अपने लेटेस्ट बोल्ड एथनिक लुक्स की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस श्रद्धा दास ने व्हाइट कलर की बेहद ही खूबसूरत साड़ी पहनी हुई है। एक्ट्रेस श्रद्धा दास की इन तस्वीरों में बला की खूबसूरती दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस ने इन तस्वीरों में एक बार फिर से अपने ट्रेडिशनल लुक्स में कहर ढा दिया है। श्रद्धा दास आए दिन अपनी एक से बढ़कर एक तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर अपना दिल हार जाते हैं। एक्ट्रेस श्रद्धा दास कभी साड़ी में तो कभी सूट और कभी बिकिनी में अपने हुस्न का जलवा बिखेरती रहती हैं।




# अवतार 2 ने मचाया धमाल

ब्लॉकबस्टर फिल्म अवतार का सीक्वल अवतारः द वे ऑफ वॉटर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म ने दो दिन में दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 1,500 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। भारत में भी फिल्म के कारोबार में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिली है। ओपनिंग डे पर जहां फिल्म ने 41 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई में 10.85 फीसदी का उछाल आया है।



अवतारः द वे ऑफ वॉटर ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन 45.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। बता दें कि जेम्स कैमरून की फिल्म के अंग्रेजी संस्करण ने सबसे ज्यादा कमाई की है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने एक तरफ अंग्रेजी भाषा में 24 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। वहीं दूसरी तरफ हिंदी में 14 करोड़, तेलुगू में चार करोड़, तमिल में तीन करोड़ और मलयालम में 0.45 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।







# लाखों रुपयों के गबन के मामले में अब जागे डीपीआई

### जांच प्रतिवेदन मिलने के महीनों बाद दोषी व्याख्याता के खिलाफ एफआईआर और निलंबन के दिए आदेश

**बिलासपुर,19 दिसम्बर 2022(ए)।** जिले के ग्राम बेलतरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में सन 2019 में हुए 77 लाख रूपये के गबन का मामला उजागर हुआ। मगर अब जाकर इस मामले में संचालक लोक शिक्षण द्वारा एक व्याख्याता को निलंबित करने के साथ ही उसके और लिपिक के खिलाफ स्नह्रक्र दर्ज करने का आदेश दिया गया है। इस मामले में गड़बड़ी के एक आरोपी व्याख्याता की पहले ही मौत हो चुकी है।

### एरियर्स की राशि डाल दी व्याख्याता के खाते में

विकास खंड बिल्हा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलतरा में एक साल के दौरान ऐसा घोटाला हुआ कि किसी को कानों कान खबर नहीं हुई। इस विद्यालय में व्याख्याता मूल पद के स्व. प्यारे लाल मरावी के पास डीडी पॉवर याने आहरण संवितरण अधिकार था। जांच में यह खुलासा हुआ कि उनके द्वारा नवंबर 2018 से अक्टूबर 2019 के बीच कुल 22 देयकों के माध्यम से गैरकानूनी तरीके से एरियर्स के कुल 77 लाख 71 हजार रूपये आहरित कर अपने ही विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता (तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य) पी एल कुर्रे के बचत एवं जीपीएफ खाते में जमा कर दिया गया। इस कृत्य में लिपिक कैलाश सूर्यवंशी की मिलीभगत भी सामने आयी।

### अधिकांश रकम निकाल ली व्याख्याता ने

जांच के दौरान पता चला कि व्याख्याता पी एल कुर्रे द्वारा अपने बचत खाते में जमा अधिकांश राशि निकल ली गई। कुर्रे को यह जानकारी थी कि अनधिकृत एरियर्स की राशि निकाल कर उसके खाते में डाली गई है, बावजूद इसके उसने इसकी सूचना न तो विभाग को दी, और न ही उक्त राशि शासन के पक्ष में जमा की गई। जब तक यह मामला उजागर हुआ तब तक व्याख्याता प्यारे लाल मरावी का निधन हो चुका था।




### प्राचार्य के प्रयासों से मामले का हुआ खुलासा

77 लाख के इस घोटाले का खुलासा इसी वर्ष 2022 में हुआ। दरअसल जब यहां के प्राचार्य एन पी राठौड़ लंबे अवकाश पर गए और उनका प्रभार व्याख्याता पुन्नीलाल कुर्रे को सौंपा गया। फिर क्या था, कुर्रे ने अपने स्टाफ के साथ मिलीभगत करके एरियर्स की लगभग पूरी राशि का गबन कर डाला। एन पी राठौड़ जब छुट्टी से वापस लौटे तब प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यरत पुन्नीलाल कुर्रे ने न तो उन्हें प्रभार वापस सौंपा और न ही बाबू कैलाश सूर्यवंशी ने दस्तावेज लौटाए। छ्वश्वह्र से शिकवा-शिकायत के बाद राठौड़ को प्रभार वापस मिला। इसके बाद एन पी राठौड़ ने दस्तावेज खंगाले तो पाया कि पुन्नीलाल कुर्रे और अन्य कर्मचारियों ने किस तरह सरकारी रुपयों का गबन किया है।

इस मामले में गड़बड़ी उजागर होने के बाद डीईओ दिनेश कौशिक ने कैलाश सूर्यवंशी को तो निलंबित कर दिया मगर व्याख्याता के खिलाफ कार्यवाही का अधिकार नहीं होने के चलते उन्होंने इसके लिए संचालक, लोक शिक्षण डीपीआई के कार्यालय में भेजा। मगर तब कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब जब यह मामला सुर्खियों में आया तब डीपीआई ने व्याख्याता पी एल कुर्रे को निलंबित करने के साथ ही उसके खिलाफ एफ आईआर दर्ज करने के आदेश भी दिए गए। इसीके मद्देनजर डीईओ दिनेश कौशिक आज इस मामले में व्याख्याता कुर्रे और लिपिक सूर्यवंशी के खिलाफ एफआाईआर दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचे।

### डीपीआई में कई फाइलें पेंडिंग में

दरअसल शिक्षा विभाग में ये पहला मामला नहीं है, जिसमे घोटालेबाजों के खिलाफ कार्रवाई में विलंब हुआ हो। ऐसे कई शिक्षा अधिकारी और अन्य कर्मचारी हैं, जो विभागीय जांच में दोषी भी पाए गए हैं, मगर उनके खिलाफ अब तक कार्रवाई लंबित हैं। ताजा मामला कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में पदस्थ रहे बीईओ लोकपाल सिंह जोगी से जुड़ा है, जिन्होंने बाबुओं के साथ मिलकर ग़ैरक़ानूनी तरीके से कई शिक्षक और कर्मचारियों की लंबी छुट्टी स्वीकृत करके लाखों रुपयों का भुगतान कर दिया। इस मामले में जोगी के अधीनस्थ कर्मियों को तो निलंबित कर दिया गया है, मगर जोगी को उपकृत करते हुए उन्हें तबादले पर बिलासपुर जिले के तखतपुर में बीईओ के पद पर पदस्थ कर दिया गया है। इनके अलावा पूर्व में निलंबित किये गए अनेक शिक्षाधिकारी तो डीपीआई कार्यालय या फिर संभागीय कार्यालय में बतौर उप संचालक अटैच कर दिए गए, जिनके खिलाफ महीनों और सालों बाद भी कार्रवाई नहीं हुई है। देखना है कि ऐसे भ्रष्ट लोगो के खिलाफ डीपीआई कार्यालय द्वारा अब भी कठोर रवैया अपनाया जाता है या नहीं।

# नए साल से पहले छत्तीसगढ़ के किसानों की बल्ले-बल्ले

### गोधन न्याय योजना के हितग्राहियों को 5.99 करोड़ दिए सीएम बघेल






**रायपुर ,19 दिसम्बर 2022(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 19 दिसम्बर को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के राशि अंतरण के लिए आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से पशुपालक ग्रामीणों, गौठानों से जुड़ी महिला समूहों और गौठान समितियों को 5 करोड़ 99 लाख रूपए की राशि ऑनलाइन जारी किए जिसमें 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक गौठानों में पशुपालक ग्रामीणों, किसानों, भूमिहीनों से क्रय 2.2 लाख क्विंटल गोबर के एवज में 4 करोड़ 41 लाख रूपए, गौठान समितियों को 94 लाख और महिला समूहों को 64 लाख रूपए की लाभांश राशि शामिल हैं।

गोधन न्याय योजना के तहत राज्य में हितग्राहियों को 374 करोड़ 28 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है, जिसमें 18 करोड़ रूपए की बोनस राशि भी शामिल है। 19 दिसम्बर को 5.99 करोड़ के भुगतान के बाद यह आंकड़ा 380 करोड़ 27 लाख रूपए हो जाएगा।

गोधन न्याय योजना के तहत छत्तीसगढ़ के गौठानों में 2 रूपए किलो की दर से गोबर की खरीदी की जा रही है। गौठानों में 15 दिसम्बर तक 94.23 लाख क्विंटल गोबर खरीदी के एवज में गोबर विक्रेताओं को 188.45 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है। 19 दिसम्बर को गोबर विक्रेताओं को 4.41 करोड़ रूपए का भुगतान होने के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 192.96 करोड़ रूपए हो जाएगा।

गौठान समितियों एवं महिला स्व-सहायता समूहों को 167.83 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। गौठान समितियों तथा स्व-सहायता समूह को 19 दिसम्बर को 1.58 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 169.41करोड़ रूपए हो जाएगा।

## सौम्या चौरसिया की बढ़ीं मुश्किलें





**रायपुर ,19 दिसम्बर 2022(ए)।** निलंबित उप सचिव सौम्या चौरसिया की मुश्किलें दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं। आज सोमवार को 12 दिन की रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में सौम्या चौरसिया की पेशी हुई। कोर्ट ने सौम्या चौरसिया को 2 जनवरी तक के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। बता दें कि ईडी ने पूछताछ के लिए और 14 दिन की रिमांड की मांग की थी।

ईडी के वकील ने मीडिया को जानकारी दी कि इन्वेस्टिगेशन के आधार जो जानकारी मिली है उसके अनुसार जांच को आगे बढ़ाने के लिए और न्यायिक रिमांड को बढ़ाने के लिए आज हमने आवदेन पेश किया था। तर्क सुनने के बाद कोर्ट ने 2 जनवरी तक रिमांड बढ़ाया है।

बता दें कि शासन ने सौम्या चौरसिया को निलंबित कर दिया है। बता दें कि इस मामले में निलंबित आइएएस समीर बिश्नोई, कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल, लक्ष्मीकांत तिवारी और सुनील अग्रवाल पहले से ही जेल में बंद हैं। ईडी ने इस मामले में 91 संपत्तियों को अटैच किया है, जिनमें 21 संपत्तियां सौम्या चौरसिया से जुड़ी हैं।

## अगले साल प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदेगी सरकार



**रायपुर ,19 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए अच्छी खबर है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो अगले खरीफ सीजन में सरकार प्रति एकड़ 20 क्विंटल की दर से धान की खरीदी करेगी। वर्तमान में सरकार किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 15 क्विंटल धान की फसल ही खरीद रही है। बता दें कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को सबसे ज्यादा धान की कीमत दे रही है।

मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी की सीमा को 20 क्विंटल प्रति एकड़ करने की रणनीति पर गंभीरता से काम हो रहा है। नये खरीफ सीजन के साथ इसकी घोषणा हो जाएगी। बता दें कि अगले साल धान खरीदी के सीजन में ही 2023 के विधानसभा चुनाव होने हैं।

## प्रदेश के तापमान में लगातार गिरावट का सिलसिला जारी,जल्द बढ़ेग़ी ठिठुरन



**रायपुर ,19 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों मौसम का मिजाज बदलते दिख रहा है। कई इलाकों में कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश में बीते कुछ दिनों से मौसम में अजीब सा बदलाव देखने को मिल रहा है। बीते कुछ दिनों से लग रहा था जैसे प्रदेश से ठंड पूरी तरह से गायब हो गई है, लेकिन एक बार फिर बीती रात से प्रदेश में ठंड का एहसास होना शुरू हो गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रदेश में फिर एक बार तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके चलते एक-दो दिनों में ठंड बढ़ जाएगी।

मौसम विभाग की तरफ से मिली रिपोर्ट के अनुसार आने वाले कुछ दिनों में और भी ज्यादा ठंड बढ़ेगी। बताया जा रहा है कि उत्तर से ठंडे और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। जिसके कारण प्रदेश में तापमान में गिरावट आ रही है। बता दें प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट होने की संभावना है।

साथ ही मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तरी इलाके में न्यूनतम तापमान सामान्य है, लेकिन मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में तापमान 5 डिग्री से दर्ज किया गया है।

# भाजपा के दबाव में आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं कर रही राज्यपालःमोहन मरकाम



**रायपुर ,19 दिसम्बर 2022(ए)।** आरक्षण विधेयक को लेकर छत्तीसगढ़ में घमासान मचा हुआ है। इस बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने बड़ा आरोप लगाया है। उनका कहना है कि राज्यपाल अनुसूईया उइके भाजपा के दबाव में आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं कर रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा है कि भाजपा के लोग संविधान बदलना चाहते हैं। कमजोर वर्गों को आरक्षण नहीं देना चाहते। यह बीजेपी भारतीय जनता पार्टी और आरएएसएस -राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का हिडेन एजेंडा है। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने आगे कहा कि महामहिम राज्यपाल ने ही सरकार को चिट्ठी लिखकर सत्र बुलाने कहा था। उनकी मंशा के अनुरूप सरकार ने तत्परता दिखाई और विधेयक पास करवाया।

अब राज्यपाल को प्रदेश के हित को ध्यान में रखकर उसपर हस्ताक्षर कर देना चाहिए। मोहन मरकाम ने कहा, भाजपा के दबाव में राज्यपाल हस्ताक्षर नही कर रही है। भाजपा के विधायक आरक्षण विधेयक को विधानसभा में ही रोकना चाह रहे थे। भाजपा आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर लोगों को आगे बढ़ते देखना नहीं चाहती।

बता दें कि उच्च न्यायालय के 19 सितम्बर को आये एक आदेश से छत्तीसगढ़ में एसटी-एससी-ओबीसी वर्ग का आरक्षण खत्म हो गया है। इसे फिर से लागू कराने के लिए सरकार ने 2 दिसम्बर को दो विधेयक पारित कर राज्यपाल की अनुमति मांगी थी। राज्यपाल ने 18 दिनों बाद भी आरक्षण संशोधन विधेयकों पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। विधेयकों को फिर से विचार करने के लिए भी सरकार को लौटाया भी नहीं है।

इसके उलट 14 दिसम्बर को राजभवन ने राज्य सरकार को 10 सवालों की लंबी फेहरिस्त भेजी। इसमें अनुसूचित जाति और जनजाति को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़ा मानने का आधार पूछा गया है।

### राज्यपाल अनुसूईया उइके दिल्ली रवाना

आरक्षण पर उपजे विवाद के बीच राज्यपाल अनुसूईया उइके दिल्ली रवाना हो गई हैं। जहँ राज्य पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करनी है। साथ ही 20 दिसम्बर को उनकी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से भी मुलाकात प्रस्तावित है।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश टीम में जल्द हो सकता है बड़ा बदलावःसूत्र



**रायपुर ,19 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ में अगले साल 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी कमर कस ली है। शायद यही वजह है कि अब जल्द ही भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश टीम में बड़ा बदलाव होने जा रहा है।

सूत्रों से ऐसी खबरें आ रही हैं कि प्रदेश के बड़े नेताओं ने इसके लिए नामों की लिस्ट भी तैयार कर प्रदेश संगठन को सौंप दी है। पार्टी चुनाव को नजदीक देखते हुए किसी भी कार्यकर्ता को नाराज नहीं करना चाहती है। ऐसे में खबर है कि जितने भी बड़े नेताओं ने नामों की अनुशंसा की है प्रयास किया गया है कि सभी नामों का समावेश हो सके।बता दें कि वर्तमान में कांग्रेस के पास 71 सीट है वहीं बीजेपी मात्र 14 सीटों पर ही काबिज है। 2023 का चुनाव भाजपा के लिए साख की बात होगी। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में एक जुझारू टीम बनाने के प्रयास कर रही है। यही नहीं यह टीम बन कर तैयार हो चुकी है। जिसकी सूची वरिष्ठ नेताओं को दे दी गई है। ऐसे में यह कयास लगाई जा रही है कि नई लिस्ट कभी भी जारी हो सकती है।

बता दें कि भारतीय जनता युवा जल्द ही भारतीय जनता युवा मोर्चा का एक प्रशिक्षण वर्ग दुर्ग में होने जा रहा है। इसमें कांग्रेस सरकार के विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से जुझारु ज दुर्ग में होने जा रहा है जिसमें कांग्रेस सरकार के विरुद्ध चरणबद्ध एवं जुझारू तरीके से संघर्ष करने का खाका तैयार किया जा सकता है।

# राजधानी में अब भी भूमाफियाओं के खिलाफ सर्वाधिक शिकायतें

### जिला प्रशासन की लगातार कार्रवाई के बाद भी जमीनों पर हो रहे हैं कब्जे



**रायपुर ,19 दिसम्बर 2022(ए)।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज जन चैपाल में जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्या और शिकायतों से संबंधित कई आवेदकों को सुना। इस दौरान अधिकांश शिकायतें जमीनों पर अतिक्रमण और भूमाफियाओं की मनमानी से जुड़ी थीं, जिनके खिलाफ कार्रवाई के लिए कलेक्टर ने संबंधित विभाग को निर्देश दिया।

जन चौपाल के दौरान वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक 16 की पार्षद गोदावरी गज्जू साहू ने कलेक्टर से मुलाकात कर बताया कि यहां भू-माफिया द्वारा अवैध कब्जा कर रहवासियों के 25 वर्षों से आवागमन के रास्ते को बंद कर कर दिया गया है, इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इसी तरह तिल्दा तहसील के ग्राम सांकरा निवासी माखन लाल वर्मा ने स्वयं की खेतिहर जमीन पर भू-माफिया द्वारा दीवार बनाकर रास्ता बंद कर दिए जाने की शिकायत की।

### नाले पर हो गया अवैध कब्जा

वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने वी आई पी रोड पर अमलीडीह और फुंडहर के बीच बहने वाले नाले पर अवैध कब्जे की शिकायत की। वहीं रायपुर तहसील के संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के पार्षद राजेश सिंह ठाकुर ने अवैध कब्जा हटाकर सामुदायिक भवन के लिए जमीन दिलाने की मांग की। इसी तरह वार्ड 46 डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड की पूर्व पार्षद श्रद्धा गोविंद मिश्रा ने अवैध कब्जे को हटाने के लिए आवेदन किया। उधर ग्राम पंचायत रवेली निवासी नरेश यदु ने गांव में अवैध रूप से बनाई जा रही नाली का निर्माण रुकवाने का अनुरोध किया। इसी तरह तहसील मंदिर हसौद के ग्राम सिवनी निवासी कुमारी बाई वर्मा ने अपने मकान को कब्जा मुक्त कराने के लिए आवेदन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश दीवान ने ग्राम पंचायत अकोली में शासकीय जमीन का चिन्हांकन कर अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया।

# 9 कोल डिपो के लाइसेंस निरस्त

### 26 डिपो संचालकों पर 6.43 करोड़ का जुर्माना

**बिलासपुर ,19 दिसम्बर 2022(ए)।** जिले में दर्जनों कोल डिपो संचालित हैं, जिनके आड़ में कोयले का अवैध कारोबार संचालित होता है। इसी के मद्देनजर जिले में संचालित कोयला डिपो की जांच के बाद नियमों का उल्लंघन करने के चलते 9 कोल डिपो के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं, वहीं 24 डिपो संचालकों से 6.43 करोड़ रुपये वसूल किए गए हैं। जांच के बाद 66 लाइसेंसधारकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, जिनका परीक्षण अभी जारी है।



### जांच के दौरान मिली अनेक खामियां

जांच के दौरान 11 कोल वाशरियों को मासिक पत्रक में विस्तृत जानकारी या समय पर नहीं देने के कारण 5 करोड़ 90 लाख अर्थदण्ड जमा कराया गया है। 15 अनुज्ञप्तिधारको से अनियमित अनुज्ञप्ति संचालन के कारण 53 लाख को मिलाते हुए अब तक कुल 6 करोड़ 43 लाख रुपय जमा कराया जा चुका है। शेष अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा प्रस्तुत जवाबों का परीक्षण किया जा रहा है तथा अर्थदण्ड वसूली जारी है। जिन अनुज्ञप्तिधारियों ने राशि जमा नहीं कराई है उन अनुज्ञप्तिधारियों को ऑनलाइन पोर्टल से खनिज परिवहन पर रोक लगाने की भी प्रक्रिया चल रही है।

इन कोल डिपो के लाइसेंस किये गए निरस्त

लंबे समय तक डिपो का संचालन बंद रखने, तौल कांटा नहीं लगाने, ऑनलाईन अभिवहन पास जारी करने अनुज्ञप्तिस्थल पर कम्प्यूटर सिस्टम की व्यवस्था नहीं करने, मासिक पत्रक जमा नहीं करने इत्यादि शर्तों का गंभीर उल्लंघन करने का दोषी पाये जाने से वाची सेल्स-अमसेना, छत्तीसगढ़ पावर एण्ड कोल बेनिफिकेशन लि. लोखंडी, आकाश ट्रेडर्स-धौराभाठा, जगदीश लक्ष्मी साहू-चंगोरी, लक्ष्मी ऐसोसियेट-हरदी, राहुल इंटरप्राइजेज-हरदी, श्री खाटू कोल सेल्स-अमसेना और शुभम कोल ट्रेडर्स-भोजपुरी का डिपो लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

कोयला डिपो की अनुमति छत्तीसगढ़ खनिज खनन, परिवहन तथा भंडारण नियम 2009 के तहत दी जाती है। एसईसीएल की खदानों से कोयला विभिन्न छ्वह्र के माध्यम से संबंधित कंपनियों को जारी किया जाता है। रॉयल्टी एवं अन्य टैक्स जमा करने के 45 दिवस के भीतर खदानों से कोयला उठाना अनिवार्य है। यदि किसी कारणवश कोई कंपनी समय पर कोयला खदान से नहीं उठा नहीं पाती तो हर्जाना जमा करना होता है।

एसईसीएल की कोयला खदानों से विभिन्न कंपनियों का कोयला अनुज्ञप्ति क्षेत्रों में लाया जाता है। इसकी रायल्टी एसईसीएल खनिज विभाग को जमा कराती है, इसलिये अनुज्ञप्तिधारी को इस सभी कंपनियों के कोयला का आवक-जावक का स्पष्ट रिकॉर्ड रखना होता है और प्रतिमाह खनिज विभाग को मासिक पत्रक के माध्यम से जानकारी देनी होती है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)